केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*इंसानियत 'बहुत बड़ा खज़ाना है, उसे लिबास में नहीं इंसान में तलाश करें...*

वर्ष : 16 अंक : 259 | उज्जैन, शनिवार 28 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

# क्रांति का तेजस्वी स्वर थे शहीद चंद्रशेखर आजाद - मुख्यमंत्री

### चंद्रशेखर आजाद नगर की वीरभूमि पर मुख्यमंत्री का नमन

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर स्थित उनकी जन्मस्थली चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) पहुंचकर उनकी प्रतिमा को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद भारत की क्रांति का तेजस्वी स्वर थे। राज्य सरकार अमर बलिदानी और क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर गरीब, किसान, युवा और नारी (जीवायएएन) कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात के साथ-साथ पड़ौसी मध्यप्रदेश के आलीराजपुर जिले का भी आर्थिक तंत्र बदला है। आलीराजपुर भील जनजाति की संस्कृति और स्वाभिमान की भूमि है। आज देश प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय मान्यता के प्रतीक बाबा भीलट देव, बाबा डूंगर देव, बाबा पाटला देव, रानी काजल माता, डूंगरी माता और मालवाई माता को नमन करते हुए कहा कि आलीराजपुर की पावन मिट्टी ने चंद्रशेखर आजाद सहित शहीद छीतू किराड़ जी को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय नायकों के बलिदान और योगदान को नमन करते हुए प्रदेश के जन-जन तक पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आलीराजपुर में 1800 करोड़ लागत वाली नर्मदा सिंचाई परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इससे 170 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। हमारे जनजातीय अंचल के किसानों को भी सिंचाई सुविधाओं का पूरा लाभ मिलेगा। किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को किसानों के लिए समर्पित किया है। हमारी सरकार लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की राशि दे रही है। साथ ही किसान भाइयों में खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 12 हजार (6 हजार केंद्र और 6 हजार रूपये राज्य) द्वारा दिये जा रहे हैं। प्रदेश के गरीब-जरूरतमंदों की सहायता के लिए जिलों में निःशुल्क शव वाहन की व्यवस्था की गई है। सड़क हादसे में घायलों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराने के लिए राहवीर योजना की शुरुआत की गई है। जनजातीय बच्चे पढ़-लिखकर शासकीय सेवा में आएं, इसके लिए निःशुल्क कोचिंग योजना प्रारंभ की गई है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले के समग्र विकास के लिए 171 करोड़ लागत के 49 विकास कार्यों की अनुपम सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले में ग्राम संपर्क मजबूत करने के लिए विभिन्न सड़कों के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूह, बैंक ऋण वितरण, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के हितग्राहियों को हितलाभ एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर के चहुंमुखी विकास के लिए रिमोट से 79.92 करोड़ की लागत से 14 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खंडाला में 34 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से निर्मित भव्य सांदीपनि विद्यालय, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 27 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से निर्मित 4 उच्च स्तरीय पुलों, 7 करोड़ रूपए की लागत से नवीन बालक-बालिका छात्रावास भवनों एवं 8 करोड़ रूपए की लागत से बलेडी (जोबट) और नानपुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोराजी, खामट, पिलियावट और बेकलगांव बड़ी में भी उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 119.01 करोड़ लागत के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। इसके अंतर्गत 40 करोड़ 58 लाख रूपए की लागत से 8 सीनियर और जूनियर विद्यालयों में बालक एवं बालिका छात्रावासों, 31 करोड़ रूपए की लागत से बालक-बालिकाओं के लिए 11 नवीन विद्यालय भवनों 24 करोड़ की लागत से दाबड़ी, बोरकुण्डिया और कड़वानिया में 100-100 सीटर बालक-बालिका छात्रावास भवनों, 7 करोड़ 36 लाख रूपए की लागत से रणजीतगढ़ और सूखीबावड़ी तालाब का भूमि-पूजन किया। इसके साथ ही सोंडवा में नवीन जनपद पंचायत और सामुदायिक भवन, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोंडवा और अन्य निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद नगर को देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा एवं गौरव का केंद्र बनाया जाएगा। यहाँ पर ऐतिहासिक शहीद पार्क निर्मित किया जायेगा। संस्कृति विभाग के माध्यम से इस स्थान को विकसित कर आकर्षक एवं दर्शनीय स्वरूप प्रदान किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ियाँ आजाद के जीवन, संघर्ष और बलिदान से परिचित हो सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय नैसेना का 2035 वाला प्लान, बेड़े में शामिल होंगे 200 से ज्यादा जंगी जहाज; दुश्मनों का काल बनेगी डॉल्फिन हंटर



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारतीय नौसेना ने वर्ष 2035 तक 200 से अधिक युद्धपोतों वाली समुद्री शक्ति बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शुक्रवार को चेन्नई बंदरगाह पर INS अंजदीप के कमीशनिंग समारोह के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौसेना 2026 में लगभग 15 नए जहाज शामिल करने की तैयारी कर रही है, जो अब तक की सबसे तेज इंडक्शन दर होगी। इसके अलावा देशभर के शिपयार्ड में 50 जहाजों का निर्माण किया जा रहा है। 77 मीटर लंबा युद्धपोत INS अंजदीप उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने, उनका पीछा करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जिसके कारण इसे डॉल्फिन हंटर कहा जा रहा है। यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियान तथा खोज एवं बचाव अभियानों में भी सक्षम है और भारत की तटीय सुरक्षा व अंडर-सी युद्ध क्षमता को मजबूत करेगा। एडमिरल त्रिपाठी ने बताया कि नौसेना का दीर्घकालिक लक्ष्य जहाज निर्माण में पुर्जों के स्तर तक आत्मनिर्भरता हासिल करना और वर्ष 2047 तक पूर्णतः आत्मनिर्भर बल के रूप में विकसित होना है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' से आगे बढ़कर अब 'ट्रस्ट इन इंडिया' की अवधारणा पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आर्डर पर मौजूद सभी 50 युद्धपोत भारतीय शिपयार्ड में बनाए जा रहे हैं, जो रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि पश्चिमी और पूर्वी समुद्री तटों पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए युद्ध क्षमता को व्यापक स्तर पर मजबूत किया जा रहा है।

### साख पर संकटः चार्जशीट खारिज होने से खुली परतें, बड़े मामलों में क्यों फिसल रही CBI की पकड़?




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** ट्रायल शुरू होने से पहले ही चार्जशीट को खारिज होने को देश की सीबीआई के लिए अभी तक सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। साख बचाने के लिए सीबीआई ने भले ही तत्काल फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे दी हो, लेकिन इसने देश की प्रीमियम जांच एजेंसी की पूरी कार्यप्रणाली, जिसमें केस की जांच और चार्जशीट तैयार करने और ट्रायल में केस की पैरवी सभी स्तरों पर खामियों को उजागर कर दिया है। एक के बाद एक कई मामले में आरोपितों के खिलाफ ठोस सबूत के साथ चार्जशीट दाखिल करने और उन्हें सजा दिलाने के अंतिम मुकाम तक पहुंचाने में नाकामी किसी चूक की तरफ नहीं, बल्कि प्रणालीगत विफलता को रेखांकित कर रहे हैं। यही नहीं, इससे देशभर में सीबीआई की एक निष्पक्ष जांच एजेंसी के रूप में पहचान धूमिल हुई है। संप्रग सरकार के दौरान पिंजड़े का तोता होने जैसा आरोप भले ही सीबीआई पर अब नहीं लगता हो, लेकिन उसकी हालात उस मकड़ी जैसी जरूर हो गई है, जो खुद के बुने जाल में फंस गई है। एक दूसरी प्रीमियम जांच एजेंसी से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सीबीआई का पूरा जोर केस की गहराई से सबूतों को खोजने के बजाय जल्जबाजी में चार्जशीट दाखिल कर केस से निपटाने पर है। निठारी हत्याकांड, आरुषि हत्याकांड, कामनवेल्थ घोटाले और 2जी घोटाला में इसे साफ तौर पर देखा जा सकता है। सीबीआई में चार्जशीट फाइनल करने के पहले जांच अधिकारी से लेकर निदेशक तक उनके समकक्ष अभियोजन अधिकारियों की लिखित राय लेने की परंपरा रही है।

## बांग्लादेश में आए भूकंप से कांपी बंगाल की धरती, जान बचाने के लिए सड़कों पर भागे लोग



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बंगाल की खाड़ी के निकटवर्ती क्षेत्रों में शुक्रवार दोपहर आए तेज भूकंप के झटकों ने कोलकाता सहित पूरे दक्षिण बंगाल को हिला कर रख दिया। दोपहर करीब 1.22 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। कंपन इतना तेज था कि लोग दफ्तरों और घरों से निकलकर जान बचाने के लिए सड़कों की ओर दौड़ पड़े।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) और नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र पड़ोसी देश बांग्लादेश का खुलना (सतखीरा) जिला था।

यह स्थान बंगाल के सीमावर्ती शहर टाकी से मात्र 26 किलोमीटर और कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित था। जमीन से महज 9.8 किलोमीटर नीचे केंद्र होने के कारण झटके काफी तीव्र महसूस किए गए।

कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर में भी जोरदार कंपन हुआ। मध्य कोलकाता के मेटकाफ स्ट्रीट इलाके में एक बहुमंजिला इमारत के झुकने की खबर से हड़कंप मच गया, जिसके बाद तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। हालांकि, दमकल कर्मियों और कुछ स्थानीय निवासियों ने स्पष्ट किया कि इमारत पहले से ही वैसी थी और भूकंप से किसी नए नुकसान के प्रमाण नहीं मिले हैं।

राहत की बात यह रही कि किसी बड़े जान-माल के नुकसान की तत्काल सूचना नहीं मिली है।

## केरल अब केरलम! वास्को-डि-गामा के होश उड़ाने वाले मसालों और नांगेली के कलेजे की वो कहानी, जो रोंगटे खड़ी कर दे




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** अगर भारत एक क्लास यानी कक्षा है, तो केरल वो बच्चा है जो हमेशा फ्रंट डेस्क पर बैठता है, जिसके पास सबसे महंगी स्टेशनरी यानी कि मसाले हैं और जो हर एग्जाम में फर्स्ट आता है, यानी कि लिटरेसी में 100 में से 100 नंबर लेकर आता है। अब ये टॉपर अपनी नोटबुक पर अपना नाम बदल रहा है।

उस सुबह अरब सागर की लहरें कुछ अलग थीं। शांत नहीं, जैसे किसी बड़े बदलाव की गवाह बनने वाली हों। लोककथा कहती है कि एक 'योद्धा ऋषि' समुद्र किनारे खड़े थे, भगवान परशुराम। उन्होंने अपना फरसा लहरों की ओर फेंका और समंदर ने घुटने टेक दिए। पानी पीछे हटा और नीचे से उभरी एक हरी-भरी, उपजाऊ धरती, जिसे दुनिया ने केरल के नाम से जाना।

लेकिन आज ये कहानी सिर्फ एक पौराणिक कथा की नहीं है। ये कहानी है उस भूभाग की, जिसने हज़ारों साल से अपनी भाषा, संस्कृति और संघर्ष के बीच खुद को बार-बार परिभाषित किया है। और आज वही धरती अपने नाम में एक छोटा सा अक्षर जोड़कर फिर से चर्चा के केंद्र में है, केरलम।

ये बदलाव सिर्फ कागजी नहीं है। केरा यानी नारियल और अलम यानी भूमि। कुछ लोग कहते हैं, यह नारियल की धरती है, तो कुछ इसे जल से जुड़ा शब्द मानते हैं। लेकिन हकीकत ये है कि नाम और प्रकृति का यह रिश्ता यहां की मिट्टी में रचा-बसा है।

केरल से केरलम- सिर्फ एक अक्षर नहीं- इतिहास के पन्ने पलटें, तो सम्राट अशोक के तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के शिलालेखों में केरलपुत्र का ज़िक्र मिलता है।

## स्पाइसजेट को SC से नहीं मिली राहत, चेयरमैन पर लगाया 1 लाख रुपये का जुर्माना




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने आज स्पाइसजेट लिमिटेड के चेयरमैन अजय सिंह की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एयरलाइन को मीडिया कारोबारी कलानिधि मारन और काल एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ लंबे समय से चल रहे वित्तीय विवाद में 144.5 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला- जस्टिस पीएस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने याचिका खारिज कर दी और सिंह पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रहा है, जिसकी शुरुआत 2014-15 में स्पाइसजेट के लगभग बंद होने और उसके बाद हुई आपातकालीन वित्तीय पुनर्गठन से हुई थी।

यह मामला जनवरी 2015 का है, जब स्पाइसजेट वित्तीय संकट का सामना कर रही थी, जिससे ऑपरेशन बंद होने का खतरा था। उस समय, कलानिधि मारन और ऋरु एयरवेज प्रमोटर और मेजॉरिटी शेयरहोल्डर थे, जिनकी एयरलाइन में कुल 58.46% हिस्सेदारी थी।

क्यों हुई वित्तीय विवाद- एयरलाइन को बचाने के लिए, पार्टियों ने एक शेयर सेल एंड परचेज एग्रीमेंट किया, जिसके तहत कलानिधि मारन और KAL एयरवेज अपनी पूरी शेयरहोल्डिंग अजय सिंह को दो रुपए के मामूली पेमेंट पर ट्रांसफर करने के लिए सहमत हुए।

## पाक-अफगान में ओपन वॉर पर भारत की कूटनीतिक चुप्पी, क्या है इंडिया का रुख?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** एक तरफ जहां ईरान पर अमेरिकी हमले की संभावना बढ़ गई है वहीं पाकिस्तान द्वारा अफगान शहरों पर हवाई हमलों और ओपन वार की घोषणा के बाद दक्षिण एशिया अस्थिरता की तरफ बढ़ता दिख रहा है। काबुल ने जवाबी कार्रवाई की है और पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। इस तेजी से बिगड़ते परिदृश्य के बीच नई दिल्ली ने सार्वजनिक तौर पर आज कोई बयान जारी तो नहीं किया लेकिन आधिकारिक सूत्रों के अनुसार भारत पूरे घटनाक्रम पर करीबी और सतत निगरानी बनाए हुए है।

## ई-रुपये से राशन, 48 घंटे में फ्री टिकट कैंसिलेशन और रील से ज्यादा कमाई... सरकार के बड़े फैसले



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** खबरें अलग-अलग क्षेत्रों से हैं मगर कुल मिलाकर ये न केवल सुविधाओं को बढ़ाएंगी बल्कि आपकी जेब भी भारी करेंगी यानी कमाई भी बढ़ाएंगी। केंद्र सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्य सब्सिडी अब डिजिटल रूप यानी ई-रुपये के माध्यम से मिलेगी।

लाभार्थी अपने डिजिटल वालेट से राशन की दुकान पर क्यूआर कोड के जरिये भुगतान कर सकेंगे। यानी गोलमाल का झंझट खत्म। हवाई यात्रियों के लिए भी अच्छी खबर यह है कि बुकिंग के 48 घंटे के भीतर एयर टिकट रद कराने पर अब उन्हें कोई चार्ज नहीं देना होगा।

उधर, इंटरनेट मीडिया पर कंटेंट जेनरेट करने और रील बनाने वालों को अब पहले के बजाय ज्यादा पैसा मिलेगा। सरकार ने प्लेटफार्मों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। इनके अलावा रेलवे क्लेम लेना भी अब आसान होगा, यह घर बैठे मिलेगा। चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

राशन वितरण में बड़ा बदलाव- ई-रुपये से सीधे मिलेगी सब्सिडीनई व्यवस्था में पात्र लाभार्थियों के लिए एक विशेष डिजिटल वालेट बनाया जाएगा। सरकार तय सब्सिडी राशि इसी वालेट में ई-रुपये के रूप में भेजेगी, जिसे केवल राशन खरीदने के उद्देश्य से ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। पायलट प्रोजेक्ट पुडुचेरी से शुरू हो चुका है। इससे सब्सिडी के दुरुपयोग या राशि के अन्य मदों में खर्च होने की आशंका कम होगी।

हवाई टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर इसे रद कराने पर नहीं लगेगा चार्ज- केंद्र सरकार ने फ्लाइट टिकट कैंसिलेशन को लेकर नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत अगर टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर कोई पैसेंजर उसे कैंसिल करता या बदलाव करता है तो ऐसे मामलों में यात्री से कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। विमानन नियामक डीजीसीए ने इस संबंध में आर्डर जारी किए हैं। एयरलाइंस को अब यात्रियों को 48 घंटे की लुक-इन अवधि प्रदान करनी होगी।

रील बनाने और इंटरनेट मीडिया कंटेंट जेनरेट करने से बढ़ सकती है कमाई- सरकार ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों कहा है कि वे मूल कंटेंट जनरेट करने वालों और रील बनाने वालों के साथ राजस्व का उचित वितरण करें। साथ ही कहा कि यदि यह प्लेटफार्म स्वैच्छिक रूप से ऐसा नहीं करते हैं तो कानून बनाया जाएगा। भारत में कंटेंट निर्माताओं की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन उन्हें उचित लाभ नहीं मिल रहा। इंस्टाग्राम पर 40 करोड़ भारतीय यूजर्स हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत रील देखते हैं।

दिन हो या रात कभी भी घर बैठे लीजिए रेलवे क्लेम- रेल यात्रियों के लिए मुआवजा प्राप्त करना अब और भी सरल हो जाएगा। रेल हादसे, चोट, मौत या सामान के नुकसान की स्थिति में रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल में बार-बार जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ई-आरसीटी सिस्टम के तहत सभी 23 आरसीटी बेंच को आनलाइन प्लेटफार्म से जोड़ा जाएगा। यात्री या उनके स्वजन घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर से क्लेम का दावा कर सकेंगे। आवश्यक दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करने होंगे।

## आप उसे फांसी देना चाहते हैं?, सुप्रीम कोर्ट ने दोषी विकास यादव के मामले में नीतीश कटारा के परिवार से कहा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विकास यादव की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने फरलो पर जेल से रिहा होने की मांग की थी। वह कारोबारी नीतीश कटारा की हत्या में बिना किसी छूट के 25 साल की सजा काट रहा है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने यादव के 23 साल जेल में बिताने की बात पर गौर करते हुए उसे होली के दौरान परिवार के साथ समय बिताने के लिए सात मार्च तक की फरलो दी है।

बेंच ने कहा, इस आधार पर मांगी गई है कि वह परिवार के साथ समय बिताना चाहता है। हम याचिकाकर्ता को सात मार्च तक फरलो पर रिहा करने की अनुमति देते हैं। सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने फरलो दिए जाने के खिलाफ उठाई गई आपत्तियों को खारिज कर दिया।

बेंच ने कहा, क्या आप उसे फांसी देना चाहते हैं? क्या यही बात है? 23 साल बाद भी आप मामले को शांत नहीं होने देना चाहते। हमें मामले को शांत होने देना चाहिए। बेंच ने कहा कि ऐसे मौके कैदियों को सुधारने में मदद करते हैं।

हाई कोर्ट ने खारिज की थी याचिका- दरअसल दिल्ली हाई कोर्ट ने 11 फरवरी को 3 हफ्ते की फरलो का निवेदन अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद विकास यादव ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। शीर्ष अदालत ने विकास यादव को 7 मार्च की शाम 5 बजे तक सरेंडर करने का आदेश दिया है।

नीतीश कटारा की मांग नीलम कटारा को संबंधित अधिकारियों से एक्स्ट्रा सिक्योरिटी मांगने की भी इजाजत भी मिल गई है। कटारा की वकील वृंदा भंडारी ने कहा कि विकास यादव ने अप्रैल 2024 में अपनी मां की बीमारी का हवाला देते हुए अंतरिम बेल मांगी थी और वह तब तक पीरियड बढ़ाते रहे जब तक सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सरेंडर करने का निर्देश नहीं दिया।

# भाजपा की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित, दो सत्रों में कार्यकर्ताओं को समझाई गई पार्टी की नीतियां



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संभाग संगठन प्रभारी दिलीप पटोंदिया, जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र डागा तथा अन्नत पंवार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जिला मीडिया प्रभारी विनोद चंदानी और जेपी नागर ने बताया कि कार्यशाला सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दो सत्रों में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं के पंजीयन से हुई। अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया। इसके बाद भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन सत्र में संभाग संगठन प्रभारी अन्नत पंवार ने पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक कार्यशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत और अनुशासित बनाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में बताया कि प्रशिक्षण अभियान को मंडल और बूथ स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। मंडल स्तर पर 24 घंटे तथा बूथ स्तर पर 4 घंटे के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आजीवन सहयोग निधि अभियान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की भी जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया।

द्वितीय सत्र में जिला संगठन प्रभारी दिलीप पटोंदिया ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर उद्बोधन देते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाकर भारत को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है।

कार्यशाला में वरिष्ठ नेता राधेश्याम यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष घनश्याम नारोलिया, जिला महामंत्री अंतर दयाल, रामस्वरूप गहलोत, पूंजालाल निनामा, रामविलास पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी जिले के सभी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाईः 10 ग्राम कोकीन मामले में फरार आरोपी तोहिद शेख गिरफ्तार




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार आरोपी तोहिद शेख निवासी खजराना, इंदौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था, जिसे चिन्हित कर पकड़ा गया।

गौरतलब है कि दिनांक 6 जनवरी 2026 को क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी असद शेख को गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से लगभग 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ कोकीन जब्त की गई थी। जब्त की गई कोकीन की अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी गई थी। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार आरोपी की पहचान की। जांच में सामने आया कि आरोपी तोहिद शेख अन्य जिलों से मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था। पूर्व में बरामद 10 ग्राम कोकीन की कड़ी में आगे की पूछताछ करते हुए पुलिस को उसके संलिप्त होने के साक्ष्य मिले थे, जिसके बाद से वह फरार था। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 03/2026 के तहत धारा 8/21(बी) एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में नशे के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त और सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

## होली, रंगपंचमी व रमजान को लेकर पुलिस की जनसंवाद बैठक, शांतिपूर्ण पर्व मनाने की अपील



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी होली, रंगपंचमी एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समितियों के साथ जनसंवाद बैठक आयोजित की गई। दिनांक 26 फरवरी 2026 को पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक के निर्देशन में थाना लसुड़िया क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर स्थित जस गार्डन में यह बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक, रहवासी संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी, नगर सुरक्षा समिति, शांति समिति, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य तथा होलिका दहन एवं रंगपंचमी के आयोजक उपस्थित रहे। जनसंवाद कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेन्द्र सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर श्री पराग सैनी, थाना प्रभारी लसुड़िया एवं थाना स्टाफ भी मौजूद रहा।

पुलिस अधिकारियों ने पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में यातायात नियमों के पालन, हुड़दंग और अवैध गतिविधियों से दूर रहने तथा सभी समुदायों द्वारा आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सभी के सहयोग से ही शहर में शांति और सौहार्द का वातावरण बनाए रखा जा सकता है।

# आयुक्त का सफाई व्यवस्था पर सख्त रुख, लापरवाही पर सीएसआई और दरोगा के वेतन काटने के निर्देश




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 11 और झोन क्रमांक 20 सहित कई स्थानों पर सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।

सबसे पहले आयुक्त ने झोन 11 के अंतर्गत जीपीओ चौराहा, शिवाजी वाटिका, दवा बाजार और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। दवा बाजार परिसर और आसपास गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने सफाई कार्य में संलग्न एजेंसी पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए। मौके पर ही संबंधित सीएसआई शैलेश पाल को फटकार लगाई गई। साथ ही क्षेत्र में कचरा फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

सफाई कार्य में लापरवाही पाए जाने पर आयुक्त ने सीएसआई शैलेश पाल का तीन दिन का वेतन तथा दरोगा रुचिर राणा का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा।

इसके बाद आयुक्त ने झोन 20 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 स्थित जिंसी हाट मैदान और अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। यहां भी सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर क्षेत्रीय सीएसआई संदीप डांगी का तीन दिन का वेतन और दरोगा दुष्यंत डाबोरे का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कडाबीन हाजिरी सेंटर पर उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई और अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

आयुक्त श्री सिंघल ने सभी झोन नियंत्रणकर्ता और झोनल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और पार्कों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए तथा कचरा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## सागौर- गुणावद के मध्य दो रोड ओवर ब्रिजों का लोकार्पण, 107 करोड़ की लागत से तैयार परियोजना



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल की इंदौरङ्कदाहोद नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत सागौर- गुणावद के मध्य निर्मित दो रोड ओवर ब्रिजों का लोकार्पण 27 फरवरी 2026 को माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। लोकार्पित संरचनाओं में रोड ओवर ब्रिज क्रमांक 234 ए दो लेन का है, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण कर इसे यातायात के लिए तैयार कर दिया गया है। इसके साथ ही रोड ओवर ब्रिज क्रमांक 221 ए चार लेन का है, जिसमें से दो लेन को फिलहाल सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए खोल दिया गया है तथा शेष दो लेन भी शीघ्र ही प्रारंभ किए जाएंगे। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन दोनों रोड ओवर ब्रिजों का निर्माण लगभग 107 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

# संकल्प से समाधानः वार्ड 1 में महापौर की जनता चौपाल, निर्माणाधीन पुल 1 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में शहर की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने वार्ड क्रमांक 01 में वीर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास जनता चौपाल का आयोजन किया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे महापौर के समक्ष रखे। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, निरंजन सिंह चौहान गुड्डू, अश्विनी शुक्ल, क्षेत्रीय पार्षद महेश चौधरी, महापौर प्रतिनिधि भारत पारख, जोनल अधिकारी निर्माता हिंडोलिया, स्वास्थ्य अधिकारी सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पार्षद महेश चौधरी ने पैदल और स्कूटर से जयश्री नगर, नगीन नगर, गोवर्धन पैलेस कॉलोनी, गांधी पैलेस कॉलोनी तथा खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास निर्माणाधीन पुल सहित पूरे वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए। निर्माणाधीन पुल का अवलोकन करते हुए महापौर ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने और 1 अप्रैल तक काम पूरा करने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आवाहन पर 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत शहर के सभी वार्डों में जनता चौपाल आयोजित की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे केवल स्वागत या प्रशंसा सुनने नहीं, बल्कि शेष समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करने आए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे एक आम परिवार को अपना घर बनाने में समय लगता है, उसी प्रकार पूरे शहर में सड़कों, ड्रेनेज और जल लाइन जैसे बड़े विकास कार्यों में भी समय लगता है, लेकिन परिषद निरंतर प्रयासरत है।

महापौर ने यह भी बताया कि वर्ष 2040-45 की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए नर्मदा के चौथे चरण का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिससे भविष्य में शहर को पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता चौपाल में प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जनता चौपाल में नागरिकों ने सीवरेज, जलप्रदाय, सड़क, उद्यान और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे उठाए। फेस कॉलोनी में सड़क निर्माण, जगदीशपुरी में बेकलेन सफाई, डायमंड पैलेस कॉलोनी में गंदे पानी की समस्या, सिरपुर ग्राम में संपत्ति नामांतरण और बजरंग कांकड़ में सीवरेज लाइन जैसी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया गया। इस पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

क्षेत्रीय निवासी गुलनाज बानो ने कहा कि जनता चौपाल में केवल शिकायतें ही नहीं, बल्कि वार्ड में हुए विकास कार्यों की सराहना भी होनी चाहिए। उन्होंने संजीवनी क्लीनिक में मिल रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा करते हुए महापौर का आभार व्यक्त किया। वहीं गणेश नगर निवासी अभिषेक लोधी ने सीवरेज लाइन की कम गहराई के कारण जलभराव की समस्या बताई। इस पर महापौर ने संबंधित उपयंत्री राघवेंद्र सिंह बैस को समाधान के निर्देश दिए और जोनल अधिकारी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी। जनता चौपाल के माध्यम से महापौर ने नागरिकों से संवाद कर भरोसा दिलाया कि शहर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## देर रात तेज डीजे बजाने पर NOTCH पब पर कार्रवाई, साउंड सिस्टम जब्त

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में आमजन की सुविधा और विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय और ध्वनि सीमा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस थाना लसूडिया ने अपोलो हाईस्ट्रीट स्थित NOTCH पब पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए डीजे एवं साउंड सिस्टम जब्त किया है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में थाना लसूडिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही थी।

दिनांक 26 फरवरी 2026 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अपोलो हाईस्ट्रीट स्थित NOTCH पब में निर्धारित समयावधि के पश्चात उच्च ध्वनि स्तर पर डीजे संचालित किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी लसूडिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक तेज आवाज में साउंड सिस्टम संचालित पाया गया।

पुलिस ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पब संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए मौके से कंसोल एवं साउंड सिस्टम जब्त किया। मामले में विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले डीजे और साउंड सिस्टम संचालकों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का भव्य स्वागत किया

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का सतरंगी दुपटटा एवं पुष्पमाला पहनाकर सांवेर में पधारने पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, जनपद पंचायत सांवेर अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मानसिंह, श्री विश्वजीतसिंह सिसौदिया, जिला उपाध्यक्ष श्री भारतसिंह, श्री दिलीप चौधरी, श्री अंतरसिंह दयाल, श्री कमल पटेल, श्री सुरेशसिंह,श्री पप्पु शर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सतीश मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष श्री संदीप चंगेडिया, श्री तुफानसिंह, श्री सुमेरसिंह, पार्षद श्री योगेश गेंदर, श्री मनोज मिश्रा, श्री मासुम जायसवाल, श्री अमित लोबानिया, श्री जितेन्द्र प्रजापत, श्री महेश भगत, श्री आशीष तिवारी अदी।

# इंटर स्टेट एवं स्लीपर बस संचालकों के साथ बैठक, सुरक्षित परिचालन के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** यात्रियों एवं नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शहर में संचालित इंटर स्टेट और स्लीपर बसों के सुरक्षित संचालन को लेकर 27 फरवरी 2026 को पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी, यातायात प्रबंधन पुलिस के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण, सहायक पुलिस आयुक्तगण, एआरटीओ श्री राकेश गुप्ता सहित शहर की विभिन्न बसों के प्रशासक और ट्रांसपोर्ट अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सड़क पर बसों के सुरक्षित संचालन, यात्रियों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह ने बस संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि यात्रियों और आम नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और बसों का संचालन निर्धारित नियमों के अनुसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग एप पर केवल निर्धारित स्टॉपेज ही प्रदर्शित किए जाएं तथा बसों में सवारियां यार्ड से ही बैठाई जाएं। सड़क पर बस खड़ी कर यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं होगी। सभी बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं तथा उनकी मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स और अन्य आवश्यक उपकरण बसों में उपलब्ध होना अनिवार्य रहेगा। साथ ही प्रत्येक बस में इमरजेंसी गेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बसों की फिटनेस और निर्धारित मानकों की नियमित जांच करने, खराब वाहनों का संचालन न करने तथा चालकों के पास वैध भारी वाहन लाइसेंस होने की अनिवार्यता पर भी जोर दिया गया। ड्राइवरों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, विशेषकर नेत्र परीक्षण, और उनका प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चालक और परिचालक का पुलिस वेरिफिकेशन कराने तथा नशे की हालत में वाहन संचालन पर सख्त निगरानी रखने की बात कही गई।

बैठक में यह भी बताया गया कि यातायात पुलिस और आरटीओ द्वारा विशेष अभियान चलाकर बसों के सुरक्षित संचालन को लेकर जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले या सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपस्थित बस संचालकों और ट्रांसपोर्ट अधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जनगणना से जुड़े अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

### इंदौर जिले में मकानों की गणना का प्रथम चरण आगामी एक मई से 31 मई तक चलेगा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय के सभागृह (कक्ष क्रमांक 210) में जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक जनगणना निदेशालय मध्यप्रदेश शासन श्री विनीत यादव, सहायक निदेशक जनगणना श्री सुमित बडोले, नगर निगम के अपर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी श्री नरेन्द्रनाथ पांडे एवं जिला योजना एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी श्री माधव बेन्डे सहित नगर पालिका निगम के अधिकारी, नगर निगम के समस्त झोनल अधिकारी एवं उनके सहायक जनगणना लिपिक शामिल हुए।

अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर ने कहा कि जनगणना के महत्व पर प्रकाश डाला। जनगणना प्रशिक्षण कार्यशाला में बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 के प्रारंभिक गणना में भवन एवं मकानों की गणना की जाएगी। जनगणना का पहला चरण आगामी एक मई से प्रारंभ होकर 31 मई 2026 तक सम्पन्न होगा। इस चरण में मकानों की गणना का कार्य सम्पादित किया जाएगा। इसके पूर्व मार्च-अप्रैल में समस्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जनगणना प्रशिक्षण कार्यशाला में जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं प्रपत्रों के संधारण, डिजिटल मोड्यल डाटा की शुद्धता तथा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# एमराल्ड हाइट्स स्कूल में मालवा प्रांत की सामाजिक युवा संसद सम्पन्न, 600 से अधिक युवाओं ने लिया संकल्प



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एमराल्ड हाइट्स स्कूल इंदौर में मालवा प्रांत से आए विभिन्न समाजों की युवा इकाइयों के प्रमुखों की उपस्थिति में सामाजिक युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक श्री मुकुल कानिटकर रहे।

युवा संसद में नशा मुक्ति, भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबोधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित किए गए। मालवा प्रांत के लगभग 15 जिलों से 600 से अधिक युवा प्रतिनिधियों ने इस आयोजन में भाग लिया।

# ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा नही मिलने पर किसानों के साथ बेशर्म के पौधे लगाकर कांग्रेस ने किया अनूठा प्रदर्शन

## डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री विधानसभा में ओलावृष्टि को लेकर सच नही बोल सके–सिसौदिया

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मल्हारगढ़ क्षेत्र में एक फरवरी को ओलावृष्टि एवं बेमौसम तेज बारिश से बोरखेड़ी,लसूड़िया कदमाला, हरमाला, किशनगढ़, झारड़ा, गोपालपुरा, फ़तेपुर, अनुपपूरा, कित्तूखेड़ी सहित कई गांवों में अफीम, गेंहू, रायड़ा, चिया, मेथी, चना, लहसुन सहित सभी फसलों में भारी नुकसान हुवा था। फसल नुकसानी का जायजा लेने क्षेत्रीय विधायक, प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश जी देवड़ा भी खेतो में पहुंचे थे। शुक्रवार को क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, जनपद सदस्य गणपत पंवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लियाक़त मेव आदि शुक्रवार को पुनः दोपहर 2,30 बजे ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में खेतों में पहुंचकर पीड़ित किसानों से चर्चा की। कांग्रेसजन लगातार पीड़ित किसानों के बीच खेतो में जाकर भाजपा सरकार से मुआवजा व बीमा देने की मांग कर रहे है।किसानों ने बताया कि एक माह बाद भी किसानों के खातों में किसी प्रकार का कोई मुआवजा आज तक नही मिला है हम बर्बाद हो गये है।



किसानों के साथ खेतो में रोपे बेशर्म के पौधे। ओलावृष्टि व तेज बारिश से फसलों में हुवे भारी नुकसान के बाद अभी तक मुआवजा व बीमा नही मिलने पर आक्रोशित किसानों के साथ कांग्रेसनेतागणो ने क्षतिग्रस्त फसलों के बीच मे बेशर्म के पौधे रोप कर अनूठा प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया ने कहा कि विधानसभा में सुसनेर विधायक भेरूसिंह बापू ने जब डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा से पूछा कि आपके क्षेत्र में ओलावृष्टि हुई के नही तो देवड़ा जी के मुंह से हा तक नही निकला। याने की उनकी इच्छा किसानों को मुआवजा, बीमा देने की नही है। सिसोदिया ने कहा कि देवड़ाजी सिर्फ किसानों के वोट लेते है और संकट के समय वह कभी भी किसानों को मदद नही पहुचाते है ओर घड़ियाली आंसू बहाते है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह बेशर्म हो चुकी है, इसको लेकर आज यह बेशर्म के पौधे रोपकर इस गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए यह अनूठा प्रदर्शन किया है। मोदी सरकार ट्रम्प के हाथों की कठपुतली बनी हुई है। ट्रेडडील किसान विरोधी है। सिसौदिया ने कहा कि मुआवजा व बीमा राशि नही मिलने पर कांग्रेस किसानों के साथ अनिश्चित कालीन धरना देगी। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा दुःखी एवं परेशान अगर कोई है तो वह किसान है। किसानों को ओलावृष्टि व तेज बारिश से फसल नुकासानी का मुआवजा व बीमा आज तक नही मिला भाजपा की कथनी और करनी में काफी अंतर है। अमेरिका ट्रेडडील ने किसानों की कमर तोड़ कर रखदी है, किसानों के हितो की लड़ाई लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, जीतू पटवारी सड़क से लेकर सदन तक लड़ रहे है। मुआवजा व बीमा राशि नही मिलने पर कलावंती बाई दहाड़े मारकर रोने लगी व कहने लगी की अब मेरा क्या होगा फसलों के साथ पूरा परिवार बर्बाद होगया परिवार कैसे पालुगी। मेरी अफीम व गेंहू की फसल ओलावृष्टि से पूरी तरह चौपट हो गई है। महिला किसान द्रोपदी बाई बद्रीलाल प्रजापति ने बताया कि हमने चार बीघा में गेंहू बोए थे और बड़ी उम्मीद थी कि फसल अच्छी होगी। लेकिन ओलावृष्टि व बेमोसम बारिश ने हमारे अरमानों पर पानी ही फेर दिया पशुधन के लिए खाने के लिए भी कुछ नही बचा है। इस मौके पर गणेशराम परिहार जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबू खां मेवाती, सचिव नागेश्वर चौहान, अनिल मुलासिया, गोपाल भारती, राहुल डांगी, भेरूपप्पू गुर्जर, कलावंती बाई, रामलाल धनगर, शानू, रवीना, गोविंद धनगर, राजेन्द्र कुमार भाटी, रामप्रसाद, लालसिंह राजपूत, शालिग्राम मेघवाल, संतोष दमामी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेसजन मौजूद थे।

## भरड़ावद में 48 घंटे से ब्लैकआउट, बिल भरने के बाद भी अंधेरा, फूटा आक्रोश, चंद्रपुरा डीसी पर नारेबाजी की



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम भरड़ावद के ग्रामीण जन परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि हमने बिजली के बिल भर दिया है, इसके बावजूद भी 48 घटे से पूरे गांव की लाइट काट दी गई है । ग्रामीणों ने बताया कि 60 प्रतिशत बिल जमा हो चुके हैं और 40 प्रतिशत लोगो ने बिल नहीं भरे हैं या। उनकी सजा पुरे गांव को दे रहें हैं जिन लोगों ने बिल जमा नहीं किये हैं। उन पर वैधानिक कार्यवाही होना चाहिए परंतु पूरे गांव को सजा देना अच्छी बात नहीं है। हम विरोध करते हैं आज पूरे गांव के लोग यहां पर एकत्रित हुए हैं और चंद्रपुरा डीसी पर नारेबाजी की और अपनी भावनाओं से सहायक यंत्री अनिल पाटीदार को अवगत करवाया। ग्रामीण जनों ने बताया कि हमारे अफीम के चीरा चल रहा है गांव में अफीम के कुंडे पड़े हुएं हैं चोरों का आतंक है अंधेरे का फ़ायदा उठाकर चोर लोग वारदात कर सकते है इसका जिम्मेदार विद्युत् विभाग रहेगा। ग्रामीण जनों में भयंकर आक्रोश है यदि आज लाइट चालु नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर फिरोज अजमेरी अशफाक शाह,जफर अजमेरी फरहान गहलोत, जावेद अजमेरी सद्दाम अजमेरी , फिरोज खान साबिर अजमेरी दाऊद गोरी राकेश कुमावत फारूक सरपंच अब्बास अजमेरी,सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## आनंद विहार में बनेगा भव्य जैन मंदिर, खनन मुहूर्त सम्पन्न

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अभिनंदन के समीप स्थित आनंद विहार कॉलोनी में भव्य जैन मंदिर का निर्माण शुरू होने जा रहा है। लगभग 1500 वर्ग फीट में तीर्थंकर प.पू. श्री वासुपूज्य स्वामी का भव्य जैन मंदिर व उसके समीप 800 वर्ग फीट में संतों के लिये उपाश्रय का निर्माण होने जा रहा है। प.पू. जैन जैन आचार्य श्री निपुणरत्न सूरीश्वरजी म.सा. की पावन प्रेरणा से समाजसेवी मोहनजी झमटमलजी मेघनानी (फ्रूट वाले) परिवार ने मंदिर व उपाश्रय के निर्माण के लिये भूमि दान दी है। दानदाता परिवार के द्वारा प्रदत्त भूमि पर जैन समाज के गणमान्य नागरिकों एवं माता-बहनों की उपस्थिति में खनन एवं खाद मुहूर्त सम्पन्न हुआ। समाजसेवी श्री मोहनजी मेघनानी, श्री संघ अध्यक्ष अजीत संघवी, संरक्षक राजेन्द्र सुराना ने खनन मुहूर्त किया। इस मौके पर सचिव सुरेश नाहटा, कोषाध्यक्ष छोटेलाल जैन, ट्रस्टी विमल लोढा, दिलीप संघवी, दिलीप डांगी, समाजसेवी मनोज जैन (पंकज इण्डस्ट्रीज), निर्मल सुराना, संजय जैन अंकित, प्रीतम जैन, दीपक जैन मारवाड़ी, अमित खाबिया, सुरेन्द्र जैन योग गुरु, पारसमल जैन सुवासरा, संदीप धींग भी उपस्थित थे। दिनांक 19 अप्रैल 2026 को मंदिर के निर्माण हेतु शीला पूजन होगा, दानदाता धर्मलाभ ले सकते हैं।

## कपील राजावत को मिला नगर परिषद सिंगोली मुख्य नगरपालिका अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी का दायित्व

**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर के आदेशानुसार दिनांक 26/02/2026 म. प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 90 के अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रशासकीय कार्य व्यवस्था तथा जनगणना 2027 के कार्य को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद सिंगोली में पदस्थ कपिल सिंह राजावत, राजस्व उप निरीक्षक, नगर परिषद सिंगोली को अपने वर्तमान कार्य के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद सिंगोली का अतिरिक्त प्रभार तथा जनगणना चार्ज अधिकारी का दायित्व सौपा गया है। शासन से मुख्य नगरपालिका अधिकारी की व्यवस्था होने पर यह आदेश स्वतः निरस्त माना जावेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। अपने कार्य के साथ राजावत इस अतिरिक्त कार्यभार के दायित्व का निर्वाह भी करेगे।

## एडीएम श्री कलेश ने उज्जवला योजना की समीक्षा की

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के संबंध में प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई हैं, बैठक आपूर्ति अधिकारी, जिला उज्जवला नोडल अधिकारी, समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं जिले के एजेंसी संचालक उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री कलेश ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया, कि वे पूर्व से प्राप्त आवेदकों से संपर्क कर उनकी ईकेवायसी कार्य पूर्ण करें तथा ऐसे क्षेत्र जहां वर्तमान में गैस कनेक्शन की संख्या कम हैं, वहां नियमित शिविर आयोजित कर प्रचार-प्रसार करे और उक्त योजना के फॉर्म भरकर कनेक्शन जारी करें। जिले में समस्त गैस एजेंसी संचालकों द्वारा अपने-अपने वाहनों में योजना के प्रचार-प्रसार के बैनर लगाए। कनेक्शन वितरण की समस्त प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी रखे तथा लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हों, इसका विशेष ध्यान रखे। जिले के सभी ऐसे पात्र परिवार जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं हैं, तथा उज्जवला योजना के मापदंडों को पूरा करते हैं, वे उक्त योजना का लाभ लेने अपने साथ पहचान का प्रमाण, पते का प्रमाण, परिवार समग्र आईडी, आवेदक और परिवार के समस्त वयस्क सदस्यों को आधार कार्ड, बैंक खाते की प्रतिलिपि एवं अभाव घोषणा पत्र के साथ नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर, अपना आवेदन जमा करा सकते हैं।

## लोकतंत्र, संवाद और जनपक्षधर चिंतन को मजबूत करने पर ज़ोर

### समकालीन राजनीति और सामाजिक दायित्वों पर प्रलेसं की गोष्ठी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रगतिशील लेखक संघ इकाई द्वारा ÷वर्तमान राजनीति और हमारे दायित्व÷ विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में सदस्यों ने बदलते राजनीतिक परिदृश्य में लेखकों की जिम्मेदारी पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक समाज और वैचारिक हस्तक्षेप आवश्यक है।



प्रगतिशील लेखक संघ के राज्य सचिव असअद अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक विभाजन, दुष्प्रचार और वैचारिक ध्रुवीकरण के बीच लेखकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। साहित्य हमेशा अन्याय और असमानता के विरुद्ध जनचेतना का माध्यम रहा है। लेखक को भय या दबाव से मुक्त होकर सच, मानवीय मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रचनाकारों का दायित्व है कि वे समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, भाईचारा और लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करें। इकाई के उपाध्यक्ष डॉ. स्वप्निल ओझा ने कहा कि राजनीतिक संवाद का स्तर गिरना चिंता का विषय है। साहित्य समाज को दिशा देने का कार्य करता है। सचिव ब्रजेश आर्य ने लेखकों से अपने लेखन में जनसमस्याओं को केंद्र में रखने का आह्वान किया। शोध छात्रा कनुप्रिया माली ने बिगड़ती भाषा और संवादहीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में भाषा का स्तर गिरना सामाजिक वातावरण को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि लेखकों का दायित्व है कि वे स्वस्थ, संवेदनशील और लोकतांत्रिक संवाद की परंपरा को मज़बूत करें। उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने असहमति की संस्कृति को लोकतंत्र की शक्ति बताते हुए विचारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कीर्तिनारायण कश्यप ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा आज लेखक और जागरूक नागरिक दोनों का दायित्व है। उन्होंने साहित्य को सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए रचनाकारों से सक्रिय सामाजिक हस्तक्षेप की अपील की। श्रीमती शोभा कश्यप और नर्मदा आर्य ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में प्रलेसं इकाई का सर्वानुमति से निर्वाचन संपन्न हुआ। कीर्तिनारण कश्यप अध्यक्ष, डॉ.स्वप्निल ओझा व प्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष, सचिव बृजेश आर्य कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकरिणी में कैलाश जोशी,असअद अंसारी, नरेंद्र अरोरा, दिनेश बसेर को लिया गया। संरक्षक मंडल में डॉ.एस.एन.मिश्रा, हरनामसिंह, नरेंद्र सिंह सिपानी और हर्षनारायण कश्यप को लिया गया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश शर्मा ने किया। आभार नर्मदा आर्य ने माना।

## पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए जिला कंट्रोल रूम स्थापित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में लोक स्वा.यां.विभाग द्वारा जिला स्तर पर ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण, जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण एवं रोकथाम तथा पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) प्रभारी श्री खुशवंतसिह राठौर उपयंत्री मोबाईल नम्बर 9826459949 है। नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) का दूरभाष क्रमांक 07423-230192 है। कंट्रोल रूम पर प्रात- 9 से सांय 5 बजे तक श्री रणजीतसिह गुर्जर भृत्य मो.न.9009488746 एवं प्रात- 11 से सायं 7 बजे तक श्री जगदीश बैरवा स्थल सहायक मो.न. 9424567580 की ड्यूटी लगाई गई हैं।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यां.विभाग श्री दीपेश वास्पत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि कंट्रोल रूप पर अवकाश के दिवस में श्री गोपीलाल खारोल, आउटसोर्सिंग कर्मचारी मो.न.7898603395 प्रात- 10 से सांय 6 बजे तक कार्यरत रहेंगे।

उक्त अधिकारी, कर्मचारी दूरभाष पर प्राप्त होने वाली पेयजल संबंधित शिकायत पंजी में दर्ज कर संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री, उपयंत्री को पेयजल संबंधी जानकारी से अवगत करायेगे एवं पेयजल समस्या निराकरण पश्चात निराकरण संबंधी कार्यवाही भी शिकायत पंजी में दर्ज करेंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीडितों को केशलेस ईलाज की सुविधा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रूपये तक का कैशलेस इलाज मिलता हैं। यह सुविधा हादसे की तारीख से 7 दिनों तक उपलब्ध रहती हैं। योजना का उद्देश्य गोल्डन आवर में जिंदगी बचाना है, क्योंकि लगभग 50त्न सड़क दुर्घटना मृत्यु को रोका जा सकता हैं, यदि पीड़ितों को समय पर इलाज मिले।

पात्रता- सड़क दुर्घटना के सभी पीड़ित, चाहे वह हाईवे पर हुआ हो या शहर की सड़क पर, योजना का लाभ उठाने के लिए 112 पर कॉल कर सकते हैं।

प्रक्रिया- हादसे की सूचना 112 पर देना होगी। एंबुलेंस सेवा का अनुरोध करें। अस्पताल में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज मिलेगा। क्लेम प्रोसेसिंग ऑनलाइन ट्रैक की जाएगी। नीमच जिले में इस योजना के तहत निःशुल्क उपचार के लिए 43 निजी अस्पताल पंजीकृत किए गए हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने पी.एम.राहत योजना के क्रियान्वयन की शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक में समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए, कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए किसी भी अस्पताल में भर्ती करवाने पर अस्पताल द्वारा उपचार के लिए मना नहीं किया जा सकेगा। पीडित का तत्काल प्राथमिक उपचार कर, आवश्यकतानुसार अन्य उच्च संस्था में रेफर किया जा सकेगा। सड़क दुर्घटना के संबंध में पुलिस द्वारा 24 घंटे में प्रतिवेदन पोर्टल पर अपलोड किया जावेगा। हास्पीटल में 7 दिवस तक उपचार का खर्च 1.50 लाख की राशि की प्रतिपूर्ति योजना के तहत की जावेगी। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए है, कि वे इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मंदसौर जिलाध्यक्ष - शरद धींग बने

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की मंदसौर इकाई के जिलाध्यक्ष पद हेतु शरद धींग का मनोनयन किया गया है। यह मनोनयन संगठन के राष्टीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, राष्टीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल, देवी अहिल्या चेम्बर्स आफ कामर्स एवं फेडरेशन इन्दौर के अध्यक्ष, जीएसटी के सदस्य रमेश खंडेलवाल की अनुशंसा एवं समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से किया गया।



संगठन नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि शरद धींग अपने दीर्घ अनुभव, दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व के माध्यम से मन्दसौर ज़िले के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी कार्य करेंगे। वे प्रदेश, जनपद एवं नगर स्तर पर व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए, सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में व्यापारी समाज की ज्वलंत समस्याओं का समाधान होगा तथा संगठन नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। गौरतलब है कि शरद धींग पूर्व में मध्य प्रदेश इंडस्ट्री फेसीलिटेशन काउंसिल के पूर्व आयोग सदस्य, मंदसौर चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्रमुख, किराना व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष, मध्य प्रदेश फेडरेशन के प्रवक्ता सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों में सक्रिय एवं जिम्मेदार पदों पर कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही वे अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं में भी निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

## कलेक्टर द्वारा अवैध खनिज परिवहन के तीन प्रकरणों में 91 हजार रूपये से अधिक की शास्ति आरोपित



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के तीन प्रकरणों में कुल 91 हजार 100 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध खनिज उत्खन्नकर्ता राधेश्याम पिता गोपाल बंजारा निवासी लक्ष्मीपुरा दडोली तहसील जावद द्वारा मुरम का अवैध उत्खनन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 18000 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 18 हजार रूपये इस प्रकार कुल. 36000 रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। खनि अधिकारी को निर्देशित किया है कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 36000 रूपए चालान से 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन जे.सी.बी.- एम.पी.44-जी.ए.0506 को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज सर्वेयर द्वार 15 दिसम्बर 2025 को ग्राम दडोली तहसील जावद के आकस्मिक भ्रमण के दौरान सर्वे नवम्बर 262 पर जे.सी.बी. द्वारा अवैध रूप से उत्खन्न करना पाए जाने पर जे.सी.बी. वाहन जप्त कर,पुलिस चौकी डीकेन की अभिरक्षा में रखी गई तथा अवैध उत्खन्नकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। इसी तरह अन्य प्रकरण में कलेक्टर द्वारा खनिज के अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक विनोद पिता राजू बंजारा निवासी जनकपुर पर कुल 26 हजार 500 रूपये एवं खण्डा का अवैध परिवहन करने पर वाहन मालिक प्रकाशचंद पिता भूरालाल माली निवासी मंडा, गुलफरोशान चित्तौडगढ़ पर कुल 28 हजार 600 रूपये की अर्थशास्ति अधिआरोपित की गई है।

## म.प्र.सरकार मछुआ समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मछुआ समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश सरकार ने मत्स्य पालन गतिविधियों के विकास एवं विस्तार के लिए 412.89 करोड़ रूपये की राशि का बजट प्रावधान वर्ष 2026-27 में किया हैं।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 181 करोड़ रूपये की राशि एवं मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के लिए सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 150 करोड़ का बजट प्रावधान किया हैं।

## किशोरी बालिकाओं की सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण आज से प्रारंभ किया जाएगा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में किशोरी बालिकाओं की सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शनिवार 28 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा अजमेर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम में किया जाएगा। अभियान की तैयारियों के संबंध में सीएस श्री अनुराग जैन और एसीएस स्वास्थ्य श्री अशोक वर्णवाल द्वारा शुक्रवार को विडियो कांफ्रेंस ली गई। कांफ्रेंस में अभियान को मिशन मोड के रूप में चलाए जाने के निर्देश दिए गए। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नीमच से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश प्रसाद भी मौजूद थे ।

उल्लेखनीय कि यह टीकाकरण अभियान 90 दिवस अर्थात 03 माह तक चलाया जाएगा। अभियान की शुरुआत में 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य की समस्त किशोरी बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य है। जिले में टीकाकरण सत्र का आयोजन प्रथम चरण में जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सीएचसी जहां पर फोकल पाइंट हो आयोजित किया जाएगा। जिले में 6 टीकाकरण पॉइंट स्थापित किए गए हैं।

टीकाकरण प्रतिदिन (अवकाश दिवसों को छोडकर) किया जाएगा। टीकाकरण का समय प्रात- 09 बजे से शाम 06 बजे तक होगा। अभियान के दौरान आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता किशोरियों को टीकाकरण स्थल पर लाएंगी तथा महिला आरोग्य समिति के सदस्य वोलेन्टियर का कार्य करेंगे। टीकाकरण के लिए तीन कक्ष की आवश्यकता होगी, जिसमें प्रथम कक्ष में आई.डी. सत्यापन एवं पंजीकरण होगा, द्वितीय कक्ष में टीकाकरण होगा तथा तीसरे कक्ष में हितग्राही को 30 मिनिट ऑब्जरवेशन हॉल में बैठाना होगा। सभी हितग्राहियों का टीकाकरण पश्चात युविन पोर्टल में एण्ट्री की जाएगी तथा हितग्राही को युविन पोर्टल से सर्टिफिकेट डाउनलोड करके प्रिन्ट दिया जाएगा।

जिन हितग्राहियों ने प्रायवेट में एचपीवी का टीकाकरण करवा लिया है उनका दोबारा टीका नहीं लगेगा। ज्ञात हो कि सर्वाईकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से का कैंसर है जिसे सर्वीक्स भी कहा जाता है। लगभग 99.7 प्रतिशत सर्वाईकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के कारण होते हैं। सर्वाईकल कैंसर के अलावा एचपीवी इन्फेक्शन से अन्य गंभीर रोग भी हो सकते है। सर्वाईकल कैंसर से बचाव का सबसे अच्छा तरीका किशोरी बालिकाओं को 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य वेक्सिनेट करना है।

एचपीवी वैक्सिन अन्य वैक्सिन की तरह एक बार दिए जाने पर इम्यून रिस्पॉनस शुरु करती है।

जिससे एंटी बॉडी बनती है और जो खास कैंसर पैदा करने वाले एचपीवी टाईप से भविष्य में होने वाले इन्फेक्शन से बचाती है। यह सर्वाईकल कैंसर को रोकने में 93 प्रतिशत से शत प्रतिशत असरदार है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला टीकाकरण अधिकारी ने जिले के समस्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को टीकाकरण के संबंध में चेक लिस्ट के अनुसार सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दे दिए है। साथ ही किशोरी बालिकाओं का हेड काउंट सर्वे भी करने के निर्देश दिए है।

## पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार लोक स्वा.यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण, जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण एवं रोकथाम तथा पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जनपद स्तर पर नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) स्थापित किए गए है। नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) का दूरभाष क्रमांक 07423-230192 है। नीमच जिले में विकासखण्ड नीमच के उपयंत्री श्री खुशवंतसिह राठौर मो.न. 9826459949, जावद के उपयंत्री श्री जितेन्द्र चौंगड मो.न.7389468801 को जावद विकासखण्ड के लिए एवं सहायक यंत्री श्री कमलेश पाटीदार मो.न.8770612058 नीमच एवं जावद जनपद के लिए तथा मनासा के लिए उपयंत्री श्री जितेन्द्र चौंगड मो.न.7389468801 एवं सहायक यंत्री श्री एस.पी.व्यास मो.न. 7000867478 को कंट्रोल रूम प्रभारी के रूप में तैनात किया गया है।

## खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए दो ट्रेक्टर जप्त

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खनि अधिकारी श्री गजेन्द्र सिह डाबर ने बताया, कि खनिज निरीक्षक श्री सुनिल जाधव एवं खनिज टीम ने अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध मनासा क्षेत्र के ग्राम खानखेडी में प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करते हुए 2 वाहनों को मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत जप्त किया गया हैं।

# सम्पादकीय

## प्रजातंत्र, नागरिक और समाज की स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति पर अवलंबित

हर देश में राष्ट के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें। बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता। वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य है, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों की सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है। किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

# राष्ट्रीय चुनौती बनती बस हड़तालें–कब होगा स्थायी समाधान?

त्योहार की आहट के बीच मध्य प्रदेश 2 मार्च 2026 की सुबह एक बड़े ठहराव की ओर बढ़ रहा है–सड़कों पर सन्नाटा होगा और यात्रियों की उम्मीदें अधर में लटकेंगी। मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन ने नई परिवहन नीति के खिलाफ 2 मार्च 2026 को सुबह 6 बजे से प्रदेश के 55 जिलों में अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है–यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो करीब 20 हजार बसों के पहिए थम जाएंगे और लाखों यात्री सड़कों पर अटक जाएंगे। निजी ऑपरेटर्स का आरोप है कि पीपीपी मॉडल, सात जोनों में कंपनियों को अधिकार, बढ़ा हुआ टैक्स और बदले परमिट नियम उनके व्यवसाय की कमर तोड़ देंगे। होली से ठीक पहले उठाया गया यह कदम डेढ़ लाख से अधिक यात्रियों को सीधे प्रभावित करेगा। चेतावनी साफ है–क्या सरकार अब भी तत्परता दिखाकर ठोस, समयबद्ध निर्णय ले इस टकराव को टाल पाएगी, या फिर लाखों यात्रियों को सड़कों पर उतरने का इंतज़ार ही करना होगा?

हड़ताल की घोषणा कई दिन पहले हो जाती है, मांगें सार्वजनिक हो जाती हैं, वार्ता के दौर भी चलते हैं, फिर भी अंतिम निर्णय टलता रहता है। यह प्रतीक्षा आखिर किसके हित में है? सरकारें तब तक निर्णायक कदम क्यों नहीं उठातीं जब तक बसें सड़कों से गायब और जनता असहाय न हो जाए? यह कोई नई स्थिति नहीं, बल्कि बार-बार दोहराया जाने वाला पैटर्न है। जब चेतावनी स्पष्ट हो, पर्याप्त समय हो और संभावित नुकसान का अंदाजा भी हो, तब भी निष्क्रियता क्यों बनी रहती है? क्या प्रशासनिक तंत्र त्वरित निर्णय लेने में असमर्थ है या राजनीतिक समीकरण समाधान पर भारी पड़ते हैं? परिणाम हर बार एक जैसा होता है–तय तारीख आते ही परिवहन व्यवस्था चरमरा जाती है और आम आदमी को अपनी जेब और समय दोनों से इसकी कीमत चुकानी पड़ती है।

इस हड़ताल का सीधा और सबसे गहरा असर आमजन पर पड़ेगा। होली पर घर लौटने की तैयारी कर रहे छात्र, शहरों में काम कर रहे कामगार और परिवार से मिलने को उत्सुक लोग अचानक विकल्पहीन हो जाएंगे। बस किराए कई गुना तक बढ़ने की आशंका है, क्योंकि प्राइवेट टैक्सी और अन्य साधन महंगे तथा सीमित हैं। ट्रेनें पहले से भीड़ से जूझ रही हैं, ऐसे में अतिरिक्त दबाव हालात और बिगाड़ेगा। बुजुर्ग, बीमार और आपात स्थिति में यात्रा करने वाले लोग सबसे अधिक परेशान होंगे। छोटे व्यापारी, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री, जो बसों पर निर्भर हैं, आर्थिक झटका सहने को मजबूर होंगे। प्रतिदिन लाखों रुपये का अतिरिक्त बोझ जनता पर पड़ेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार थम जाएगी।

यह संकट केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनौती बन चुका है। परिवहन जैसे अनिवार्य क्षेत्र में बार-बार की हड़तालें विकासशील भारत की छवि पर सवाल खड़े करती हैं। विकसित देशों में सार्वजनिक परिवहन को आवश्यक सेवा मानकर सख्त कानून लागू हैं, जबकि यहां इसे लगभग सामान्य घटना की तरह लिया जाता है। इससे नीति-निर्माण की प्राथमिकताओं पर संदेह गहराता है। क्या संगठित दबाव समूह आम नागरिक की सुविधा पर भारी पड़ रहे हैं? जब हर राज्य में यही हाल उभर रहा हो, तो स्पष्ट है कि समाधान टुकड़ों में नहीं, व्यापक और संरचनात्मक होना चाहिए। राष्ट्रीय परिवहन नीति अब विकल्प नहीं, अपरिहार्य आवश्यकता है।

हालिया घटनाएं स्थिति की गंभीरता उजागर करती हैं। फरवरी 2026 में राजस्थान में निजी बस हड़ताल से लगभग 35,000 बसें बंद रहीं और 15 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए; त्योहारों के बीच किराए कई गुना बढ़े और राज्य परिवहन पर भारी दबाव पड़ा। नवंबर 2025 में दक्षिण भारत के छह राज्यों में इंटरस्टेट लग्जरी बसों की हड़ताल से 1,500 से अधिक बसें ठप रहीं और रोज 45,000 यात्री फंसे। तीर्थयात्री और मरीज विशेष रूप से परेशान हुए। जनवरी 2018 में तमिलनाडु में छह दिन चली सरकारी बस कर्मचारियों की हड़ताल ने पूरे राज्य की रफ्तार थाम दी थी। ये उदाहरण साबित करते हैं–चेतावनियां मिलती हैं, संकट दिखता है, फिर भी समाधान आखिरी क्षण तक टलता रहता है।

सरकारों की प्रतीक्षा-नीति के पीछे राजनीतिक दबाव, चुनावी गणित, राजकोषीय बोझ और संगठित लॉबी की ताकत जैसे कारण गिनाए जाते हैं। बस मालिकों के संगठन प्रभावशाली हैं, उनकी मांगों को अनदेखा करना सरल नहीं। त्वरित निर्णय से खजाने पर भार बढ़ने की आशंका टालमटोल को जन्म देती है। पर इस रस्साकशी में सबसे कमजोर कड़ी आम यात्री बनता है–न वह नीति-निर्माण में शामिल, न वार्ता की मेज पर उसकी आवाज़। परिवहन बुनियादी सेवा है; इसे दबाव की रणनीति नहीं बनने देना चाहिए। चेतावनी मिलते ही उच्चस्तरीय समिति, समयबद्ध वार्ता और पारदर्शी संवाद शुरू हों, तो टकराव टल सकता है।

समाधान स्पष्ट हैं, कमी केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। ऐसी संतुलित नीति जरूरी है जो ऑपरेटर्स की आर्थिक चिंता और यात्रियों की सुविधा–दोनों की रक्षा करे। मध्यस्थता तंत्र को संस्थागत बनाया जाए ताकि हड़ताल अंतिम उपाय रहे, पहला नहीं। परमिट, टैक्स और जोन व्यवस्था में बदलाव से पहले व्यापक परामर्श अनिवार्य हो। आवश्यक सेवा संबंधी प्रावधानों पर भी गंभीर विचार हो, जिससे आपात स्थितियों में न्यूनतम सेवाएं जारी रहें। मध्य प्रदेश में अब भी संवाद से राह निकल सकती है; राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित परिवहन ढांचा ही भविष्य के संकट रोक सकेगा। बस हड़तालें केवल आर्थिक विवाद नहीं, बल्कि शासन की संवेदनशीलता की कठोर परीक्षा हैं। जब चेतावनी पहले से मौजूद हो, तब प्रतीक्षा नहीं, त्वरित और निर्णायक कार्रवाई अपेक्षित है। लाखों लोगों की यात्रा, रोज़गार, शिक्षा, व्यापार और उपचार इस व्यवस्था पर निर्भर हैं; इसका ठहराव जनजीवन की रफ्तार रोक देता है। शासन की विश्वसनीयता तभी सिद्ध होगी जब आमजन की सुविधा को सचमुच सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मध्य प्रदेश की प्रस्तावित हड़ताल स्पष्ट संकेत है–यदि अब भी स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो हर त्योहार और हर वर्ष यही संकट दोहराया जाएगा। यात्रियों की पीड़ा को अनदेखा करना अब विकल्प नहीं; साहसिक और संवेदनशील निर्णय ही इस स्थिति से बाहर निकाल सकते हैं।

**-प्रो. आरके जैन**

## आसान नहीं व्यापार समझौतों का लाभ लेना

पिछले कुछ सालों में भारत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से कई देशों से मुक्त व्यापार की राह पर आगे बढ़ा है। इससे भारतीय वस्तुओं के लिए दुनिया के बाजारों में निर्यात पहुंच बढ़ी है। गत दिवस पीएम मोदी ने कहा कि इजरायल के साथ भी भारत का एफटीए जल्दी ही आकार लेते हुए दिखाई देगा और भारत जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए वैश्विक टैरिफ को अवैध ठहराए जाने के बाद 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए भारत समेत सभी देशों पर 15 प्रतिशत अस्थाई ग्लोबल टैरिफ लागू हो गया है।

इस अवधि के बाद अमेरिकी संसद तय करेगी कि इसे आगे बनाए रखना है या नहीं? अभी अमेरिकी प्रशासन के पास टैरिफ लगाने की कई शक्तियां बची हुई हैं। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी संसद से टैरिफ पर प्रस्ताव मंजूर होने के बाद भारत के साथ किया गया व्यापार समझौता अपने पूर्व निर्धारित रूप में ही लागू होगा। ऐसे में जहां आगामी 150 दिन टैरिफ की अस्थाई कमी निर्यात बढ़ाने के लिए हितकर है, वहीं इसके बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौता अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के लिए लाभप्रद होगा।

भारत के लिए अमेरिका एक सबसे बड़ा बाजार है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच 131.84 अरब डालर मूल्य का व्यापार हुआ। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर के बीच भारत ने अमेरिका को 65.88 अरब डालर मूल्य का निर्यात किया है। ऐसे में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता भारतीय निर्यात बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। अमेरिका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ और व्यापार व्यवधानों ने भारत को वैकल्पिक बाजार खोजने और नए व्यापार गठबंधन बनाने की राह पर आगे बढ़ाया है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत ने पिछले वर्ष कई व्यापार समझौते किए हैं और इस वर्ष भी कई नए व्यापार समझौतों के कार्यान्वयन की तैयारी है।

इनमें अत्यधिक महत्वपूर्ण यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी शामिल है। हाल में एआइ समिट के दौरान ईयू के कई राष्ट्राध्यक्षों ने 27 जनवरी को भारत-ईयू के दौरान किए गए एफटीए को शीघ्र कार्यान्वित किए जाने के लिए समर्थन दिया। यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का बेजोड़ उदाहरण है। इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी कहा गया है। इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा, जिसका संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से के बराबर होगा। अनुमान है कि यह एफटीए आगामी छह महीने में कार्यान्वित होते हुए दिखाई देगा। पिछले वर्ष भारत द्वारा ब्रिटेन, ओमान के साथ किए गए एफटीए इसी अप्रैल से और न्यूजीलैंड के साथ किया गया एफटीए सितंबर से कार्यान्वित होते हुए दिखाई देगा। इन सबके साथ-साथ मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात, आस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ हुए एफटीए से भी इस वर्ष निर्यात बढ़ते हुए दिखाई देंगे।

**-सुनील कुमार महला**

# गठबंधन को लेकर बेपरवाह कांग्रेस

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर की टिप्पणियों से विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए की दरारें उजागर हुई ही थीं कि एआइ सम्मेलन में युवा कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन से कांग्रेस की दिशाहीनता भी बेनकाब हो गई। लगता नहीं कि कांग्रेस को देश या विपक्षी एकता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का कोई अहसास है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की लगातार तीसरी निराशाजनक हार के बावजूद अन्य विपक्षी दलों ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष के रूप में स्वीकार कर उदारता ही दिखाई, लेकिन कांग्रेस ने कभी अन्य दलों को संसद के अंदर या बाहर साथ लेकर चलने की परिपक्वता नहीं दिखाई। राहुल गांधी अपेक्षा करते हैं कि वे जो भी रणनीति तय कर लें, संसद के अंदर-बाहर अन्य दलों को उनका श्रद्धापूर्वक अनुसरण करना चाहिए।

भाजपा को हराने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले दो दर्जन विपक्षी दलों को जोड़कर आइएनडीआइए बनाया गया था। दो बार पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद भाजपा का 240 सीटों पर ठहरने को इस मोर्चे की एक सफलता के रूप में देखा गया, लेकिन लोकसभा चुनाव बाद गठबंधन के पक्ष में कुछ खास घटित होता नहीं दिख रहा। उनके बीच लगातार उजागर दरारें बताती हैं कि दलों में दोस्ती के बावजूद दिलों में दूरियां बरकरार हैं।

सफलताओं की बात करें तो झारखंड और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत तो हासिल हुई, लेकिन वहां कांग्रेस हाशिए पर ही है। महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में उसके हिस्से हार ही आई। इसमें महाराष्ट्र और बिहार की हार को शर्मनाक कहना कहीं अधिक उचित होगा। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में तो गठबंधन की गांठें पूरी तरह बिखरती दिखीं।

इस साल चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, पर गठबंधन के तौर पर आइएनडीआइए में सक्रियता तो दूर, कहीं कोई सुगबुगाहट भी नहीं। एसआइआर पर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ही चुनाव आयोग से दो-दो हाथ करती नजर आती हैं। तमिलनाडु में भी चुनाव आयोग से लेकर भाजपा तक के विरुद्ध मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पार्टी द्रमुक ही मोर्चा खोले है। बंगाल में ममता एकला चलो की राह पर हैं। पिछली बार वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस इस बार अकेले चुनावी जोर आजमाइश के मूड में है। केरल में तो मुख्य चुनावी मुकाबला सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेसनीत यूडीएफ के बीच ही होता है।

इसलिए राज्य की राजनीति में तो परस्पर समन्वय की गुंजाइश नहीं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर एक ही गठबंधन के सदस्य होने के नाते तमाम राजनीतिक मुद्दों पर तो आइएनडीआइए को एक सुर में बोलना चाहिए। तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस के बीच पुराना गठबंधन है, लेकिन वहां भी दरारें इस हद तक हैं कि मणिक्कम टैगोर और प्रवीण चक्रवर्ती सरीखे कांग्रेस के दूसरी पंक्ति के नेता द्रमुक पर निशाना साध रहे। नतीजतन द्रमुक को उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग करनी पड़ी। तमाम अटकलों के बाद अब द्रमुक-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव तो 2027 में होने हैं, लेकिन वहां जारी एसआइआर को लेकर कांग्रेस की अनुपस्थिति उसके समाजवादी पार्टी से रिश्तों में खिंचाव का भी संकेत है।

'सामना' के संपादकीय 'अंदर की आवाजों का कन्फ्यूजन' में कांग्रेस से सवाल पूछा गया है- ममता, स्टालिन या कोई और? संपादकीय में गठबंधन को जागने और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बातचीत करने की नसीहत देते हुए मणिशंकर अय्यर, संजय बारू और भूपेन बोरा आदि की टिप्पणियों को अंदर की आवाजों का कन्फ्यूजन करार दिया गया है। बारू ने आइएनडीआइए का नेतृत्व ममता बनर्जी को देने का सुझाव दिया है तो अरसे तक नेहरू-गांधी परिवार के करीबी समझे गए अय्यर की टिप्पणियां राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल के रूप में देखी जा रही हैं।

जिस एकमात्र राज्य केरल में कांग्रेस की जीत की संभावना है, वहां भी अय्यर ने लगातार तीसरी बार वाम मोर्चा की ही जीत की भविष्यवाणी करते हुए मुख्यमंत्री विजयन की प्रशंसा की है। आइएनडीआइए के नेतृत्व के लिए वे स्टालिन को बेहतर मानते हैं। पार्टी से कोई संबंध न होने के आधार पर उनकी टिप्पणी को निजी राय बताकर कांग्रेस ने अय्यर से पल्ला झाड़ना चाहा है, पर राजनीतिक गलियारों से लेकर केरल-तमिलनाडु तक चर्चा थमी नहीं है। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद भले ही शशि थरूर के स्वर बदल गए हों, पर उससे पहले की तल्खियां सबने देखी हैं। असम के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा तो राहुल गांधी से बातचीत के बाद भी इस्तीफा वापस लेने के फैसले से पलट गए और हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा घोषित तारीख पर भाजपा में शामिल भी हो गए। लगभग एक दशक पहले हिमंत ने भी राहुल गांधी की कार्यशैली से खफा होकर कांग्रेस छोड़ी थी। पूर्वोत्तर में भाजपा के विस्तार में अहम भूमिका निभाने के बाद अब वे असम के मुख्यमंत्री और भाजपा आलाकमान के लाड़ले हैं।

दलबदल के बाद अक्सर अवसरवाद, दबाव और प्रलोभन की बातें सुनाई पड़ती हैं। इन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता, पर दलबदल कहीं-न-कहीं नेतृत्व की क्षमता और दल की राजनीतिक संभावनाओं पर अविश्वास का परिणाम भी होते हैं।

**-धनंजय राजौरा**

## इंसेफ्लाइटिस पर निर्णायक विजय

एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) और जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) के खिलाफ उत्तर प्रदेश की सफलता हाल के समय की सबसे उल्लेखनीय जनस्वास्थ्य उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कठोर क्रियान्वयन क्षमता ने राज्य को 2017 में 5,400 से अधिक मामलों और 650 से अधिक मौतों से 2024 में मामलों में तीव्र गिरावट और शून्य मृत्यु तक पहुंचा दिया। यह एक ऐसी सफलता है जो कभी भारत के सबसे खराब स्वास्थ्य सूचकांकों से जकड़े राज्य के खाते में गई है।

चार दशकों तक इंसेफ्लाइटिस ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को झकझोर कर रखा था। गोरखपुर इसका केंद्र रहा, जबकि कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर और बस्ती जैसे जिले इसकी चपेट में रहे। यह बीमारी बच्चों और युवाओं को अचानक तेज बुखार और मानसिक भ्रम के साथ जकड़ लेती थी, जो अक्सर मौत का कारण बन जाती थी। जो बच जाते, वे जीवनभर न्यूरोलाजिकल और शारीरिक अक्षमता से पीड़ित रहते। वर्ष 2017 तक इस बीमारी ने लगभग 50 हजार जानें ले लीं, जिनमें अधिकांश बच्चे थे। यह आंकड़ा न केवल चिकित्सा विफलता, बल्कि दशकों की प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी का प्रतीक था।

**-डॉ. विजेता रत्तानी**

## आत्मप्रकाश, कठिनाईयों व दुविधाओं में विवेकयुक्त मार्गदर्शक होता है



प्रकाश एक प्रकार की ऊर्जा है जो हमारी आंखों को संवेदित करता है। प्रकाश स्रोत से निकलकर वस्तु पर पड़ता है तथा इनसे परावर्तित होकर आंखों को संवेदित कर वस्तु के होने का ज्ञान कराता है। प्रकाश की अनुपस्थिति में वस्तुएं होकर भी नहीं होती हैं। यह स्थूल जगत का वैज्ञानिक तथ्य है। हमारे सूक्ष्म शरीर में आत्मा प्रकाश बनकर ज्योतित होती है आत्मा का प्रकाश सदैव स्पंदन युक्त व शुद्ध होता है सूर्य के प्रकाश में हम स्थूल जगत को समझ पाते हैं परंतु आत्मा के प्रकाश में स्थूल व सूक्ष्म दोनों ही जीवन प्रकाशित होते हैं। आत्मप्रकाश कितना विस्तारित हो सकता है यह निर्भर करता है कि आप की चेतना का स्तर क्या है चेतना का स्तर जितना उच्च होता है आपकी दृष्टि उतनी ही प्रकाशित होती है और इस प्रकाश में साधक दैवीय स्पंदनों व अनुभवों का साक्षी बनता है। अनेक महापुरुषों के चित्र में प्रदर्शित प्रकाश वृत्त इसी चेतना का प्रतीक है। क्योंकि आत्मा व्यैक्तिक ना होकर ब्रह्मांड व्यापी है अतः उसकी चेतना का स्तर भी विश्वव्यापी होता है। और इस चेतना का प्राकट्य मात्र प्रेम के रूप में होता है। श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रतिस्थापित सहज योग साधक के अंत में इसी चेतना की जागृति करता है इस संदर्भ में श्री माताजी ने वर्णित किया है कि, आत्मा का प्रकाश आपको धीरे-धीरे सब कुछ बताएगा, जितना आप इसे सहन कर सकते हैं। यह आपको कुछ ऐसा नहीं बताएगा जिसे आप सहन नहीं कर सकते। यह एक बहुत अच्छी समरुप तुलना है, जब हम यह कहते हैं कि, आप एक प्रकाश हैं, लेकिन यह प्रकाश जो आपके पास है, वह इस मामूली प्रकाश से बहुत अलग है। साधारण प्रकाश समझता नहीं है। वह सोचता नहीं है। अब जो प्रकाश आपके पास है, यह वो प्रकाश है जो समझता है, सोचता है और यह आपको उतनी ही रोशनी देता है जितनी आप सहन कर सकते हैं। यह दमकेगा नहीं। अगर यह कौंधेगा, तो आप हक्के बक्के हो जाएंगे। यह धुंधला नहीं पड़ेगा। यह पूर्णतया उसी अनुपात में रहेगा जितना आप समझ सकते हैं। (21 जुलाई 1993)

आत्मा का यह प्रकाश भौतिक जगत की अस्थिरताओं, कठिनाईयों, दुविधाओं में आपका विवेकयुक्त मार्गदर्शन करता है तथा अक्षुण्ण आनंद प्रदान करता है। इस प्रकाश से साक्षात्कार हेतु सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है।

## रणबीर कपूर अब बन गए हैं सलोनी सरसों तेल, सलोनी सोया बड़ी और स्टेफिट रिफाइंड तेल के नए ब्रांड एंबेसडर; अब इस ब्रांड ने पूरे भारत में विस्तार करने के साथ साथ 25% विकास का लक्ष्य रखा है

महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज, जो कि भारत के खाद्य तेल क्षेत्र में एक भरोसेमंद और तेजी से बढ़ता हुआ नाम है, इसने अब अपने प्रमुख ब्रांडों– सलोनी (सरसों तेल और सोया बड़ी) और स्टेफिट (रिफाइंड तेल) के लिए रणबीर कपूर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह साझेदारी, कंपनी के ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर बनाने की और भारत भर के बाजार में अपनी पैठ को तेज़ी से बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारतभर की गृहिणियों की पसंद 'सलोनी' सरसों तेल ने उनकी ही पसंद के हीरो रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर चुना है, ताकि सलोनी हर रसोई की शान बन सके।




यह साझेदारी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी के दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों के अनुरूप है, इसमें महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज ने सालाना आय में 25त्न की महत्वाकांक्षी बढ़ोतरी के साथ, लगातार डबल डिजिट (दोहरे अंकों) के विकास का लक्ष्य रखा है। इस विकास को नए नए क्षेत्रों में विस्तार करके, ग्रामीण बाजारों में अन्दर तक पहुंच बनाके और मजबूत ट्रेड मार्केटिंग एवं चैनल एक्टिवेशन के द्वारा हासिल किया जाएगा।

उत्तर और पूर्वी भारत में मजबूत लीडरशिप (नेतृत्व) के साथ-साथ, ज़्यादा से ज़्यादा उपभोक्ताओं द्वारा पसंद किए जाने, समर्पित ग्राहक आधार और अपने मौजूदा चैनल पार्टनर्स की लगातार सफलता के साथ, महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज अब राष्ट्रीय विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रही है और पूरे भारत में सक्रिय रूप से नए चैनल पार्टनर्स को अपने साथ जोड़ रही है। अपने मुख्य बाजारों में इसका यह शानदार प्रदर्शन, अब इसके विकास के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। कंपनी अब अपने डिस्ट्रीब्यूशन (वितरण) नेटवर्क को मजबूत करने और नए-नए व तेजी से बढ़ते बाजारों में बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए, प्रतिबद्ध सुपर स्टॉकिस्टों, डीलरों और वितरकों को अपने साथ जोड़ रही है।

यह निर्णय महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) श्री दिनेश राठौड़ के दीर्घकालिक विज़न (दृष्टिकोण) को दर्शाता है। उन्होंने कंपनी को अपने मज़बूत क्षेत्रीय केन्द्रों से /बाज़ारों से बाहर भी, खाद्य तेल श्रेणी में एक मजबूत, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार कंपनी बनाकर, इसे राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

रणबीर कपूर के साथ नए प्रभावशाली अभियान का मुख्य उद्देश्य, ब्रांड की विज़िबिलिटी और पहचान को बढ़ाना है, उपभोक्ताओं के भरोसे को मजबूत करना है और शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ उभरते कस्बों एवं ग्रामीण बाजारों में अपनी पैठ बढ़ाना है। सभी आयु समूहों के बीच, विभिन्न जगहों पर और अलग-अलग लोगों के बीच में रणबीर की व्यापक लोकप्रियता के कारण, इस साझेदारी से हमारे ब्रांड के चाहने वालों में तेज़ी आने और प्रीमियम एवं सेमी-प्रीमियम सेगमेंट में महेश की स्थिति के और भी मजबूत होने की उम्मीद है।

महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज उच्च गुणवत्ता वाले, शुद्ध और स्वस्थ खाद्य तेल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जो स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं, उपभोक्ताओं का दीर्घकालिक विश्वास बनाते हैं और स्थानीय किसानों के लिए एवं टिकाऊ कृषि विकास में मददगार होते हैं। ये कंपनी, स्थिरता और ब्रांड की दीर्घकालिक विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने के लिए, आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग पद्धतियों और कड़े क्वालिटी कंट्रोल के साथ, जिम्मेदार सोर्सिंग को जोड़ती है।

इस पर टिप्पणी करते हुए, महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री महेश राठौड़ ने कहा- हमने क्वालिटी और क्वांटिटी, दोनों के मामले में मजबूत उत्पादन क्षमताएं विकसित की हैं। हमारी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को साल-दर-साल कई गुना बढ़ाया जा रहा है ताकि हमारी बाजार तक लगातार बढती हुई पहुंच अधिक विकसित हो सके। यह सुनिश्चित करता है कि जैसे-जैसे राष्ट्रीय स्तर पर मांग बढ़ेगी, हम बड़े पैमाने पर लगातार ऊंची गुणवत्ता वाले उत्पाद वितरित करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेंगे।

अपने पोर्टफोलियो और बाजार विकास रणनीति के हिस्से के रूप में, कंपनी सलोनी ब्रांड के तहत सोया बड़ी की श्रेणी में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है, जो बदलती खान-पान की आदतों और प्रोटीन युक्त उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करती है। इस श्रेणी में मार्केटिंग की गति तेज हो रही है, और वर्तमान अभियान से खाद्य तेल और वैल्यू-ऐडेड खाद्य उत्पादों, दोनों क्षेत्रों में ब्रांड की उपस्थिति और भी मजबूत होने की उम्मीद है।

इस साझेदारी पर बात करते हुए, महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज के कैटेगरी हेड श्री आदित्य राठौड़ ने कहा- सोया बड़ी की श्रेणी एक तेज़ी से बढती श्रेणी के रूप में उभर रही है, जिसका मुख्य कारण बदलती खान-पान की आदतें और भारतीय घरों में प्रोटीन से भरपूर उत्पादों की बढ़ती मांग है। सलोनी में हम अपनी सोया बड़ी की रेंज के लिए ग्राहकों का जबरदस्त उत्साह और पसंद देख रहे हैं। रणबीर कपूर के साथ यह साझेदारी इस क्षेत्र में हमारे विकास और विज़िबिलिटी को और ज़्यादा तेज़ करेगी। केंद्रित मार्केटिंग, मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और लगातार गुणवत्ता के दम पर, हमें विश्वास है कि हम अपने मुख्य खाद्य तेल पोर्टफोलियो के साथ-साथ सोया बड़ी श्रेणी का विस्तार करेंगे और देश भर में अपनी गहरी पहुंच बनाएंगे।

आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं, बढ़ती उत्पादन क्षमता, कड़े क्वालिटी स्टैंडर्ड और तेज़ी से बढ़ते डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के साथ, महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज का पूरा फोकस गुणवत्ता, पारदर्शिता और उपभोक्ता विश्वास के आधार पर लगातार एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार एक राष्ट्रीय ब्रांड बनाने पर है। महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज एक खाद्य तेल और खाद्य उत्पाद कंपनी है जो भारतीय घरों में 35 वर्षों की शानदार विरासत के साथ, ऊंची गुणवत्ता वाले और विश्वसनीय उत्पाद पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के विविध पोर्टफोलियो में शामिल हैं सलोनी सरसों तेल, सलोनी सोया बड़ी और स्टेफिट (स्ह्लड्ड4द्घद्बह्ल) रिफाइंड तेल। मजबूत नेतृत्व और दीर्घकालिक विकास के विज़न (दृष्टिकोण) से प्रेरित होकर, महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज ने अपने मुख्य बाजारों में उपभोक्ताओं और चैनल पार्टनर्स के साथ गहरे संबंध बनाए हैं और लगातार क्षेत्रीय व राष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। हमारी कंपनी, आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग पद्धतियों और एक मजबूत वितरण नेटवर्क के सहयोग से शुद्धता, स्वास्थ्य, गुणवत्ता और स्थायी विकास पर लगातार ध्यान केंद्रित किए हुए है।

# मध्यप्रदेश का बजट समृद्ध, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम - मंत्री तुलसी सिलावट




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी, जिला देवास द्वारा दिनांक 27 फरवरी 2026 को दोपहर 02 बजे होटल रामाश्रय, देवास में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने संबोधित किया।

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है। यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के सशक्तिकरण के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी और आधारभूत संरचना के विस्तार से मध्यप्रदेश को विकसित एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर प्रावधान किए गए हैं। नदी जोड़ो परियोजना, नहरों के विस्तार और नई सिंचाई योजनाओं से प्रदेश के लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। फसल बीमा योजना के लिए पर्याप्त राशि निर्धारित की गई है, जिससे प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को राहत मिल सके। साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

सिलावट ने बताया कि ग्रामीण विकास को गति देने के लिए सड़कों के निर्माण, बिजली आपूर्ति सुदृढ़ करने और पेयजल योजनाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर बजट प्रावधान किया गया है, जिससे जिला एवं ग्रामीण स्तर पर चिकित्सा सुविधाएं मजबूत होंगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं में हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कार्यरत महिलाओं के लिए छात्रावास, सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं को भी प्राथमिकता दी गई है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास, स्टार्टअप और स्वरोजगार हेतु ऋण योजनाओं में विशेष प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नए विद्यालयों की स्थापना, आंगनवाड़ी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराने जैसे कदम उठाए गए हैं। शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई बस सेवाओं की शुरुआत की जा रही है। सेंधव ने आगे कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण हेतु बजट में उल्लेखनीय वृद्धि कर सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दोहराया गया है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से अधोसंरचना विकास को गति मिलेगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों के प्रश्नों का मंत्री तुलसी सिलावट एवं जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया और बजट की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजयसिंह पंवार, जिला सह मीडिया प्रभारी दिनेश सांखला भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की जानकारी के लिए शिविर का आयोजन किया गया



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की ब्याज सब्सिडी योजना घटक अंतर्गत नगर परिषद खातेगांव, नेमावर, कन्नौद एवं कांटाफोड द्वारा निकाय स्तर पर बैंकों के अधिकारी/प्रतिनिधि के साथ आज प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत ब्याज सब्सिडी योजना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निकाय के इच्छुक आवेदनकर्ताओं को योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन के लिए दस्तावेज एवं पात्रता आदि की जानकारी दी गई। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय प्रदर्शनी के साथ व्याख्यान और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस कृष्णा जी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ तथा आईक्यूएसी के द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से राष्टीय विज्ञान दिवस की थीम विकसित भारत निर्माण में महिला वैज्ञानिको की भूमिका पर समर्पित तीन दिवसीय गतिविधियां में आज दो दिवसीय प्रदर्शनी के साथ व्याख्यान और क्विज का आयोजन किया गया । दो दिवसीय स्वावलंबन शीर्षक पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ राणा ने विद्यार्थीयों को विज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की बात कही ताकि विद्यार्थीयों में तार्किक शक्ति का विकास हो व वर्तमान पर्यावरणीय समस्या का समाधान निकाला जा सके। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस पर विद्यार्थीयों ने थीम आधारित प्रोजेक्ट कार्य के माध्यम से लोक परंपरा आधारित स्वावलंबन पर माडल प्रदर्शित किए। उपस्थित छात्र छात्राओं को डॉ संजय सिंह बरौनिया ने अपने व्याख्यान के माध्यम से पाँच प्रमुख विषयों पर चर्चा की। पहला, ब्रह्मांड को अब हम लाइव देख पाएंगे। दूसरा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI कैसे वैज्ञानिकों का साथी बन रहा है। तीसरा, क्वांटम दुनिया के नए आयाम। चौथा, ऊर्जा और स्वास्थ्य का भविष्य। और पांचवा इन खोजों का हमारे जीवन पर क्या असर होगा के साथ कौशल विकास की जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के डॉ आराधना डिकुना, डॉ प्रति मालवीय, डॉ शशि सोलंकी,प्रो निकिता कर्म, डॉ ममता लावरे, डॉ रेखा कौशल के साथ सभी प्राध्यापक गण व 67 से अधिक विद्यार्थीयों ने प्रदर्शनी का अवलोकन व कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ लीना दुबे तथा आभार जितेंद्र सिंह राजपूत ने किया।

## सर्व हिन्दू उत्सव व होली उत्सव समिति ने दी होली की सादगीपूर्ण शुभकामनाएं



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सर्व हिन्दू उत्सव समिति व होली उत्सव समिति द्वारा होली पर्व की मिठास बांटना प्रारंभ कर दिया है। जिन्होंने शुक्रवार को बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ होली पर्व मनाया। पदाधिकारियों ने बच्चों को पिचकारी, होली के रंग और मिठाई वितरित कर पर्व की शुभकामनाएं दी। नगर में पांच दिनी होली पर्व मनाने की परंपरा है। जिसे इस वर्ष भी निभाया जाएगा। आयोजन के तहत प्रतिदिन सर्व हिन्दू उत्सव समिति व गठित होली उत्सव समिति के पदाधिकारियों द्वारा नगरवासियों से सहयोग लिया जा रहा है। वहीं पर्व की तैयारियां भी की जा रही है। इसी कड़ी में सभी पदाधिकारी शुक्रवार को नगर की बस्तियों में पहुंचे जहां इन पदाधिकारियों ने बच्चों को पिचकारी के साथ रंग और मिठाईयां भी बांटी ताकि ये बच्चे भी हम सभी की तरह पर्व का आनंद ले सकें। इस अवसर पर होली पर्व के लिए प्रकाशित पम्प्लेट का वितरण भी सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, महासचिव मनीष सोनी, सत्या वात्रे, सचिव राजेश पारछे, जलज ठाकुर, दीपक निगम, मनीष सिसोदिया, कैलाश सेन, मंगल नाहर, महेश प्रजापति, दिलीप सिंदल, सजय शर्मा, कुं. महेंद्र पंवार, बालकृष्ण यादव, धर्मेंद्र शर्मा, होली उत्सव समिति संयोजक पं. गोविंद शर्मा, सचिव अंकित अंम्बावतिया, कोषाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, संयोजक जीत पारछे, अतुल पालीवाल, राहुल परमार, सर्व हिन्दू उत्सव समिति उपाध्यक्ष विकास सिंदल, गोविंद देवतवाल, जीवन गुर्जर, राजेश गौड़, राज पारछे, प्रियांशु पारछे, हर्ष व्यास, सुनील चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्राकृतिक रंगों के साथ मनाएंगे पर्व- सभी पदाधिकारियों द्वारा टेसू के फूल भी एकत्रित किए जा रहे हैं। जिनसे होली के लिए रंग तैयार किए जाएंगे। सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने बताया कि होली का पर्व खुशियां और मिल-जुलकर एक-दूसरे के जीवन को खुशियों से रंगने का पर्व है। इसमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग होना चाहिए। जिसके चलते टेसू के फूल एकत्रित किए जा रहे हैं जिनसे होली के रंग तैयार किए जाकर इसी से पर्व मनाया जाएगा।

## अमलतास सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में सामाजिक सुरक्षा योजना शिविर संपन्न



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ए.आर.टी. केन्द्र अमलतास सुपरस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवास डॉ. सरोजनी जैम्स बैक के मार्गदर्शन में ए.आर.टी केंद्र अमलतास अस्पताल में एक दिवसीय सामाजिक सुरक्षा योजना शिविर का आयोजन विभिन्न विभागों जैसे सामाजिक न्याय विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,श्रम विभाग, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जिला कौशल विकास केन्द्र, आयुष्मान निरामय, नगर निगम, शिक्षा विभाग, आईटीआई, लोक सेवा केन्द्र के आदि विभागों के अधिकारियों एवं पी.एल.एच.आई.वी. की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया ।

सर्वप्रथम सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा पी.एल.एच.आई. को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं उनकी संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया ।डॉ.अफजल पटेल नोडल अधिकारी एआरटी सेंटर अमलतास अस्पताल द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना, एचआईवी एक्ट अधिनियम 2017 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । कैम्प मे उपस्थित एवं संबंधित प्रश्नोतर किये गये एंव आवश्यकतानुसार शासन की योजनाओ के लगभग 40-50 फार्म भरवाए गए । उक्त शिविर मे लगभग -50 पी.एल.एच.आई.व्ही. लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को भोजन/स्वल्पाहार आदि का वितरण किया गया कार्यक्रम का आयोजन मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ.रत्ना शर्मा द्वारा किया गया शिविर में श्री अजय भावसार एम.एंड.ई. दिशा कलस्टर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाऐं उज्जैन संभाग, श्री आकाश बडोला,श्री राजेश जी डामोर, श्री नविन खंडेलवाल , श्री सुनील कुमार सोनी, चेतना वर्मा, मुस्कान रवालिया , मोना राठौर समस्त ए.आर.टी. स्टाफ , आई.सी.टी.सी परामर्षदाता, टीआई स्टाफ, समग्र विहान स्टाफ ने पूर्ण सहयोग देकर योजना की जानकारी दी गई अमलतास अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रशांत द्वारा सभी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया।

अमलतास वेलफेयर के चेयरमैन महोदय द्वारा बताया गया की ÷हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाकर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

## मां राजराजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से लगेगा मेला



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय स्थित अति प्राचीन मां राजराजेश्वरी मंदिर में 19 मार्च से शुरू होने वाले चौत्र नवरात्रि के 15 दिवसीय मेले को लेकर नगर पालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार दोपहर 12 बजे से मंदिर प्रांगण में व्यवस्थाएं जुटाने का काम शुरू किया गया। दुकानों के व्यवस्थित आवंटन के लिए हाल ही में बने सीमेंट कंक्रीट मैदान पर चूने की पट्टी डाली जा रही है, ताकि दुकानें तय आकार और क्रम में लग सकें। नगर पालिका के सहायक यंत्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार मेले में करीब 150 से 200 दुकानों के लगने की संभावना है। प्रत्येक दुकान का आकार 7 बाय 7 फीट तय किया गया है। उन्होंने बताया कि नए बने सीमेंट कंक्रीट मैदान को नुकसान से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। दुकानदारों द्वारा बल्लियां लगाने के लिए कोर कटिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा, ताकि मैदान क्षतिग्रस्त न हो। नगर पालिका का कहना है कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही स्वच्छता, पेयजल और सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किए जाएंगे, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा ने मीडिया संवाद कार्यक्रम में "विकसित भारत जी राम जी" अधिनियम, 2025 की जानकारी दी

### कृषि के चरम मौसम (बुआई एवं कटाई के सीजन) में एक वर्ष में 60 दिवस कार्य-विराम का प्रावधान



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विज़न विकसित भारत 2047 के परिप्रेक्ष्य में विकसित भारतङ्गगारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी) लागू किया गया है। वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से जिला पंचायत सभा कक्ष में मीडिया संवाद का आयोजन किया गया। मीडिया संवाद में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा ने वीबी जी राम जी अधिनियम-2025 के विशेषताओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा ने बताया कि विकसित भारत-जी रामजी अधिनियम 2025 ग्रामीण परिवारों के लिए सालाना 100 की जगह 125 दिन का गारंटीकृत रोजगार, बेहतर बुनियादी ढांचा, समय पर मजदूरी और पारदर्शिता को मजबूत करता है। ग्राम सभाओं को योजना बनाने में सशक्त बनाया गया है, जिससे टिकाऊ ग्राम बुनियादी ढांचा विकसित होगा। समय पर भुगतान की गारंटी और देरी होने पर मुआवजे का प्रावधान है। रीयल-टाइम एमआईएस डैशबोर्ड, जीपीएस मॉनिटरिंग और सोशल ऑडिट के जरिए पारदर्शिता बढ़ेगी। जल सुरक्षा, आजीविका बुनियादी ढांचा, आपदा-सुरक्षा और ग्रामीण कनेक्टिविटी जैसे कार्यों पर जोर दिया गया है।

विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप यह अधिनियम नया वैधानिक ढाँचा स्थापित करता है। ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिवस का रोजगार गारंटी प्रदान की गई है। कृषि के चरम मौसम (बुआई एवं कटाई के सीजन) में एक वर्ष में 60 दिवस कार्य-विराम का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषि श्रम उपलब्धता सुनिश्चित हो। दैनिक मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम पंद्रह दिवस के भीतर किया जाना अनिवार्य है। रोजगार सृजन को चार प्राथमिक क्षेत्रों से जोड़ा गया है। जल सुरक्षा संबंधी कार्य में नहरों का निर्माण, चेक डैम, तालाबों का पुनरुद्धार और वनीकरण कार्य किये जायेंगे। मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना ग्रामीण सड़कें, ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आजीविका संबंधी अवसंरचना ग्रामीण हाट, अनाज भंडारण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए वर्कशेड और डेयरी इंफास्ट्रचर, चरम मौसम की घटनाओं से निपटने के लिए विशेष कार्य चकवात/बाढ़ आश्य स्थल, तटबंध और जंगल की आग प्रबंधन जैसे कार्य किये जायेंगे।

सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्टीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में एकीकृत किया जाएगा। ग्राम स्तर पर विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण किया जाएगा। योजना को केंद्रीय क्षेत्र योजना से बदलकर केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया गया है। यदि 15 दिवस में कार्य उपलब्ध न कराया जाए तो राज्य द्वारा बेरोजगारी भत्ता देय होगा। पंचायत राज संस्थाओं को योजना कियान्वयन में प्रमुख भूमिका, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत कार्य लागत ग्राम पंचायतों द्वारा निष्पादित किया जायेगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं कार्यकम अधिकारी योजना प्रबंधन, भुगतान एवं सामाजिक अंकेक्षण के उत्तरदायी होंगे। सामाजिक अंकेक्षण प्रत्येक छह माह में अनिवार्य किया है। डिजिटल उपस्थिति, आधार-आधारित भुगतान, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी का प्रावधान किया गया है। यह अधिनियम ग्रामीण आय वृद्धि, जल संरक्षण, अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, जलवायु लचीलापन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन प्रदान करता है। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को अवसंरचना-केंद्रित, पारदर्शी एवं उत्तरदायी ढाँचे के अंतर्गत पुनर्संगठित करता है तथा दीर्घकालीन सतत विकास और आजीविका सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने समस्त उपयंत्रियों को विगत वर्षो के अपूर्ण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि 15 मार्च 2026 तक समस्त जॉबकार्डधारी श्रमिकों की ई-केवायसी कार्य पूर्ण करें। उन्होंने सामग्री मद में प्राप्त राशि का 07 दिवस में शतप्रतिशत उपयोग करने तथा एक बगिया मॉ के नाम के समस्त कार्यो में शतप्रतिशत तार फेसिंग के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास के प्रगतिरत समस्त कार्यो पर मस्टर जारी कर उन्हे पूर्ण किये करने के निर्देश दिये गये।

सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की आवास पूर्णता की क्लस्टरवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, सांसद निधि एवं विधायक निधि के अपूर्ण निर्माण कार्यो की समीक्षा कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एनआरएलएम ब्लॉक कॉर्डिनेटर, सहायक लेखाधिकारी एवं जिला पंचायत के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में कृषि विभाग के अधिकारी नरवाई प्रबंधन के लिए गांव-गांव जाकर किसानों को कर रहे हैं जागरूक



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में कृषि विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन के लिए गांव-गांव जाकर जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल अवशेष (नरवाई) जलाने की घटनाओं की मानिटरिंग सेटेलाइट के माध्यम से की जा रही है। वायु प्रदूषण नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य एवं जन जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पर्यावरण सुरक्षा के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश क्रम में वायु (प्रदूषण रोकथाम एवं नियंत्रण) एक्ट 1981 अंतर्गत गेहूं एवं अन्य फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाए जाने को प्रतिबंधित किया गया है, जिसके लिए पंचायत स्तर पर राजस्व, कृषि एवं पंचायत विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों का संयुक्त दल का गठन भी किया गया है। यह दल फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषकों को जागरुक कर क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखेगा। नरवाई जलाने की घटनाओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा शासकीय कार्यालयों, सहकारी समितियों एवं ग्राम पंचायतों में बैनर लगाकर, पेम्पलेट्स का वितरण कर कृषकों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कम्बाइन हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम/स्ट्रा रीपर के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। सभी हार्वेस्टर संचालक एवं एजेण्टों को इस आदेश का कडाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए है। यदि किसी व्यक्ति/निकाय को नरवाई जलाते पाया जाता है तो निर्देशों के उल्लंघन की स्थिति में प्रावधान अनुसार पर्यावरण क्षति पूर्ति राशि के रूप में संबंधित व्यक्ति से अर्थ दण्ड के रूप में 02 एकड़ से कम भूमि के लिए राशि 02 हजार 500 रूपये, दो एकड़ से ज्यादा एवं 5 एकड से कम भूमि के लिए राशि 05 हजार रूपये एवं 05 एकड़ से अधिक भूमि के लिए 15 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया जायेगा।

# आदर्श कालोनीवासियों पर हो रही पत्थरों की फायरिंग

### दिनभर बन रही जाम की स्थिति, सीवरेज के नाम पर फिर खोद दी सड़क



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आदर्श कालोनी में इन दिनों दिनदहाड़े फायरिंग की जा रही है जिससे लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है। कई लोगों को इससे नुकसान भी उठाना पड़ा है। लेकिन उनकी समस्या का समाधान कोई भी विभाग नहीं कर पा रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी रहवासियों को कोरे आश्वासन देकर लौटाया जा रहा है।

यह मामला आदर्श कालोनी की मुख्य सड़क का है जिसे नर्मदा पाइप लाइन डालने के नाम पर जिम्मेदारों द्वारा एक बार फिर खोदकर रहवासियों के लिए समस्याएं पैदा कर दी गई है। यहां नगरपालिका द्वारा एबी रोड़ से लेकर खाटू श्याम मंदिर तक की मुख्य सड़क का अभी कुछ महिनों पहले ही निर्माण किया गया था। जिसके चलते रहवासियों को लंबे इंतजार के बाद इस सुविधा का लाभ मिलना शुरू हुआ था। किंतु उनके लिए यह मार्ग अधिक दिन सुविधाजनक साबित नहीं हो सका और कुछ समय पूर्व नर्मदा पाइप लाइन डालने के नाम पर ठेकेदार के द्वारा पूरी मेन रोड़ दोबारा खोद दी गई। इस प्रक्रिया के कारण जहां नल सीवरेज टुट गए और पानी बहने लगा। वहीं गड्ढों के कारण आम राहगीरों के लिए खासी समस्याएं पैदा हो गई। इस बारे में वार्ड के रहवासियों का कहना है कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन विभिन्न प्रमुख स्कूलों की स्कूल बसें निकलती हैं और वाहन सवारों के साथ बुजुर्ग-बच्चे भी गुजरते हैं।

गोली की रफ्तार से उड़ रहे पत्थर, हो रहा नुकसान- मुख्य मार्ग पर क्षेत्र का बड़ा निजी अस्पताल होने से मरीजों का भी इस मार्ग से आवागमन बना रहता है। वहीं आपात स्थितियों में एंबुलेंस वाहनों को भी इसी मार्ग से निकलना पड़ता हैं। एसे में सड़क खुद जाने के कारण यहां वाहन फिसल कर गिर रहे हैं। वहीं वाहनों के पहियों से टकराकर बंदूक की गोली की तरह पत्थर आसपास की दुकानों पर भी उड़ रहे हैं जिससे कई लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है। रहवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है किंतु इस ओर उनका कोई ध्यान नहीं है। जो चिंताजनक विषय है। नगर पालिका प्रशासन मूकदर्शक बनकर किसी गंभीर घटना के होने का इंतजार कर रहा है।

# गांजा तस्करी करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, एक आरोपी फरार



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** भाटपचलाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ बिक्री एवं तस्करी करने वालो पर लगातार कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेज रही है इसी क्रम में थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी व टीम ने मादक पदार्थ गांजा कि तस्करी करने वाले आरोपी नारायण सिंह पिता हरे सिंह पंवार निवासी ग्राम लोहारी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 754 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त करने में सफलता हासिल कि है। आरोपी के विरुद्द भाटपचलाना थाने पर अपराध क्रमांक 78/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्द कर मादक पदार्थ के स्त्रोत व सप्लाई चेन के संबंध में विवेचना कि जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 26.02.2026 को थाना भाटपचलाना पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लोहारी से एक व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा कि तस्करी के लिए निकल रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी सतेन्द्र सिहं चौधरी के नेतृत्व मे थाना भाटपचालाना टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए हुलिये अनुसार ग्राम लोहारी के समीप से एक व्यक्ति जो हाथ में मादक पदार्थ लिए जा रहा था को घेराबंदी कर पकडा, नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम नारायण सिंह पिता हरे सिंह पंवार निवासी ग्राम लोहारी का होना बत्ताया। आरोपी नारायण के कब्जे से 754 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर आरोपी नारायण सिंह निवासी ग्राम लोहारी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्द अपराध क्रमांक 78/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी नारायण से मादक पदार्थ गाजां के संबंध में पुछताछ करने पर उसने उक्त मादक पदार्थ दीपकसिंह निवासी नागदा से खरीदना बताया। मादक पदार्थ कि सप्लाई चैन के संबंध में विवेचना कि जा रही है।

आपराधिक प्रवृति- आरोपी के विरुद्द पुर्व में भी मारपीट, गाली गलौज जैसे अपराध पंजीबद्द है।

आपराधिक रिकार्ड- नारायण सिंह पिता हरे सिंह पंवार उम्र 34 साल निवासी ग्राम लोहारी द्वारा थाना

सराहनीय भूमिका- उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी, सउनि बरसिहं चरपोटा प्रआर. राकेश मालवीय प्रआर पुष्पराजसिंह आर. हितेश निम्बोला, आर. जीवन जाट, आर. राजेश सोयल, आर. अशोक चौहान, म.आर. सीमा सिंघाड, सैनिक कृष्णा धाकड ।

## शॉर्ट सर्किट से किसान की 3 बीघा की गेहूं फसल जलकर हुई स्वाहा



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शॉर्ट सर्किट से गांव बोरखेड़ा पित्रामल में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बोरखेड़ा पित्रामल में मेहबूब खा पिता इब्राहिम खां का 3 बीघा का खेत है। जिसमें उन्होंने गेहूं की फसल की बोवनी की थी। फसल लहलहाने के बाद अब पकने की कगार पर थी और सुख चुकी थी। गुरुवार को खेत के समीप से जा रही बिजली तारों में शॉर्ट सर्किट हो गया। चिंगारी से पूरे खेत में आग लग गई और 3 बीघा की फसल जलकर स्वाहा हो गई। सूचना पर राजस्व विभाग के अमले ने पहुंचकर पंचनामा बनाया। बता दे कि अब गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है। वहीं गेहूं की फसल भी पकने की कगार पर है और ऐसे में सुखी फसल आग पकड़ने में देर नहीं लगाती है।

## मन को भगवान के चरणों में लगाना चाहिए-महामंडलेश्वर आत्म चेतनगिरी



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संसार में हमें सुख मिले तो अच्छा लगता है लेकिन दुख मिले तो नर्क लगता है हम सुख को जल्दी भूल जाते है लेकिन दुख को लंबे समय तक याद कर कर के दुखी होते रहते हैं। हमें हमारे मन को भगवान के चरणों में लगाना चाहिए क्योंकि जब जीव भगवान से मिलने का प्रयत्न करता है तब वह संसार की माया से मुक्त हो जाता है और जीव से शिव हो जाता है जीवन में ठहराव जरूरी है। उक्त कथन महामंडलेश्वर आत्म चेतनगिरी ने बदनावर में चल रही श्रीमद भगवत कथा में कही। इसी के साथ भगवान श्री कृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह बड़ी धूम धाम से मनाया । कथा में पूर्व केबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तिगाव ने कथा का लाभ लिया और रुद्र मंडल खिलाड़ी व मां एकवीरा महिला मंडल ने दीदी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया । पाटीदार समाज बदनावर ने आयोजक सुरेश चंद जी एवं पूरे परिवार का सम्मान किया ।

## जिला पंचायत इंदौर में भरत आंजना बने विधायक प्रतिनिधि



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्रीय विकास कार्यों में गति लाने और जिला स्तर पर समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देपालपुर विधायक मनोज पटेल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने जिला पंचायत इंदौर के लिए अपने विधायक प्रतिनिधि के रूप में भरत आंजना (निवासी ग्राम कनवासा, तहसील देपालपुर) की नियुक्ति की है। विधायक द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार भरत आंजना अब जिला पंचायत इंदौर में विधायक प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत रहेंगे तथा जिला पंचायत की बैठकों, विकास कार्यों की समीक्षा और विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े मामलों में विधायक का पक्ष रखेंगे। साथ ही वे ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को जिला स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करेंगे। ज्ञात हो कि देपालपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, आवास योजना, मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर लगातार मांग उठती रही है। ऐसे में विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। विधायक मनोज पटेल ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भरत आंजना अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं सक्रियता से करेंगे और जिला पंचायत स्तर पर देपालपुर क्षेत्र के हितों की प्रभावी पैरवी करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधि भाजपा नेता संतोष बड़वाया दिनेश जाधव जितेन जाधव मदरुसिह बड़वाया ने उनके निवास पर जाकर शुभकामनाए दी।

## किशोरी बालिकाओं की सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण आज से प्रारंभ किया जाएगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में किशोरी बालिकाओं की सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शनिवार 28 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा अजमेर में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम में किया जाएगा। अभियान की तैयारियों के संबंध में सीएस श्री अनुराग जैन और एसीएस स्वास्थ्य श्री अशोक वर्णवाल द्वारा शुक्रवार को विडियो कांफ्रेंस ली गई।

## स्वास्थ्य शिविर आज न्यायलय परिसर में

### सत्र न्यायाधीश गुलाब मिश्रा करेंगे शुभारंभ

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदनावर के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुलाब मिश्रा द्वारा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर न्यायाधीश श्रीमती नेहा प्रधान, श्रीमती सीमा धाकड़, सुश्री जसविता शुक्ला, अभिभाषक संघ अध्यक्ष नरेंद्र जाट, वरिष्ठ अभिभाषक रमेश संघवी सहित समस्त अभिभाषकगण उपस्थित रहेंगे।

यह शिविर पहली बार बदनावर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ के सानिध्य में तथा स्वर्गीय चांदमलजी संघवी की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर निःशुल्क रहेगा। गुजरात स्थित पारुल आयुर्वेदिक हॉस्पिटल से विशेषज्ञ चिकित्सक,स्त्री रोग लेडी डाक्टर भी रोगियों की जांच, परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान करेंगे। शिविर में बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग, चर्म रोग, घुटनों का दर्द सहित विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार किया जाएगा।

शिविर का समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रहेगा। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र जाट, उपाध्यक्ष तन्मयसिंह राजावत, वरिष्ठ अभिभाषक अशोक संघवी, मुकेश संघवी एवं समस्त अभिभाषकों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## बाबूजी प्रीमियर लीग 2.0 का आयोजन 10 मार्च से




**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधायक भंवरसिंह शेखावत के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र में क्रिकेट खिलाडियों एवं खेल प्रेमियों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता बाबूजी प्रीमियर लीग 2.0 का आयोजन 10 मार्च से होगा। प्रतियोगिता में शामिल क्रिकेट टीमों को 4 ग्रुप में शामिल किया गया। क्रिकेट टीम कप्तानों की मौजूदगी में नियमानुसार 4 ग्रुप में शामिल कर लाटस डाले गए। बाबूजी प्रीमियर लीग 2.0 में 140 से अधिक टीमें शामिल होगी।

विधायक कार्यालय बदनावर पर बाबूजी प्रीमियर लीग 2,0 हेतु बदनावर विधानसभा की 140 से अधिक टीमे भाग लेगी। प्रतियोगिता के प्रथम चरण लाटस की गतिविधि ब्लॉक अध्यक्ष निरंजनं सिह पंवार, कार्यक्रम संयोजक संदीपसिंह शेखावत, विधायक प्रतिनिधि महेश पाटीदार, नीतिन सांखला, देवपालसिंह जादव, नरेन्द्रसिंह चोहान, दिलीप परमार, अनुप जैन, संदीप चंद्रावत एवं टीमों के कप्तान की मौजूदगी मे संपंन की गई।

निरंजनसिंह पंवार, संदीपं सिह शेखावत, नितीन सांखला, महेश पाटीदार एवं नरेन्द्रसिंह चौहान ने क्रिकेट टुर्नामेंट संबधी नियम व दी जाने वाली सुविधाआ के बारे में बताया गया। टेनिस बाल प्रतियोगिता में टीम के सभी खिलाडियों को केमिटी की और दी गई टी शर्ट पहनना अनिवार्य है। साथ ही मेच खेलने वाली टीम को निर्धारित समय पर नही पहुँचने पर सामने वाली टीम को वाकर दिया जाएगा। प्रत्येक मेच 8 ओवर का होगा। विधानसभा के बाहर का खिलाडी पूर्णत प्रतिबंधीत रहेगा।

लाटस डालने के दौरान नागदा, बदनावर, पंचकवासा, घटगारा, नौगावा, बाबरडा, कानवन, संदला, मुलथान, खेडा, काछीबडोदा, कंकराज, तिलगारा, कोद, बिडवाल, कडोदकला, शेरगढ, सिलौदा, बाबरडा, पलवाडा, माकनी, ढोलानाकला, कोद सहीत कई गांवों की टीम के कप्तान मौजूद थे। बाबूजी प्रीमियर लीग 2.0 के प्रति क्षेत्र में काफी उत्साह का माहोल है। पिछली प्रतियोगिता में करीब 100 टीमों ने सहभागिता की थी। प्रतियोगिता के सभी मेच का सीधा प्रसारण मोबाइल व टीवी पर दिखाया गया था। अंपायर के निर्णय पर रिव्यु लेने की भी सुविधा मिली थी।बाबूजी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रति गांवों में काफी जोश व जुनुन देखा गया है।

## बिडलाग्राम क्षेत्र मे प्लेटफार्म पर जाने हेतु दिव्यागजनो के लिये रेम्प बने

### वरिष्ठ नागरिको एवं अधिमान्य पत्रकारो को रेलयात्रा में छूट प्रदान करने की मांग की



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्नेह संस्था के अध्यक्ष पंकज मारू एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सकलेचा भाईजी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मांग की है कि नागदा रेलवे स्टेशन पर बिरलाग्राम की ओर दिव्यांगजनो के लिये रेम्प की सुविधा नहीं होने की वजह से बिरलाग्राम, मेहतवास, दुर्गापुरा एव अन्य जगहो या क्षेत्र से आने वाले दिव्यांगजनो के यात्रियों को प्लेटफार्म पर पहुंचने में बहुत ही परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। या तो उन्हें सीढ़ियो से उठाकर लाया जाता है अन्यथा 5 किलोमीटर घूमकर मण्डी क्षेत्र की ओर बने दिव्यांग रेम्प के माध्यम से प्लेटफार्म पर पहुंचाया जाता है।

मारू एव सकलेचा ने रेल्वे मंत्री एवं डीआरएम को पत्र के माध्यम से बिरलाग्राम क्षेत्र में शीघ्र ही दिव्यांगजनो के लिये रेम्प बनाने की मांग की है।

वरिष्ठ नागरिकों एव पत्रकारो को रेल यात्रा मे छुट की मांग - साथ ही सकलेचा ने लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के सजग प्रहरी अधिमान्य पत्रकार एवं संवाददाता, ब्यूरोचीफ सहित वरिष्ठ नागरिको को रेल्वे यात्रा में छूट प्रदान करने की मांग भी की है।

सकलेचा ने बताया कि रेल्वे द्वारा कोरोना काल के पूर्व वरिष्ठ नागरिको को रेलयात्रा के किराये में रियायत प्रदान की जाती थी परन्तु कोरोना काल के पश्चात रियायते रेल्वे द्वारा बंद कर दी गई। कोरोना काल बीत जाने के बाद भी रेलवे द्वारा सुविधा पुन चालु नही करी जिससे वरिष्ठ नागरिको को दी जाने वाली सुविधाओ का लाभ नही मिल पा रहा है शिघ्र ही पूर्व की तरह रेल यात्रा के दोरान मिलने वाली रियायत देकर सुविधा दी जाय ।

सकलेचा ने बताया कि वरिठ नागरिको के साथ ही अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारो को भी रेल यात्रा में विशेष छूट दी जाना चाहिये क्योंकि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सजग प्रहरी होते है तथा समाज के लिये अपनी सेवा प्रदान करते है।

## आशीर्वाद, संस्कार और स्नेह का संगम, जय ज्ञानेश्वर पाटील के आशीर्वाद समारोह में अपनत्व का प्रेम



**बुरहानपुर/ आयूष भावसार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के सुपुत्र जय पाटील के आशीर्वाद समारोह को लेकर बुरहानपुर सहित पूरे निमाड़ अंचल में आत्मीय उत्साह का माहौल है। यह समारोह 1 मार्च शाम को बुरहानपुर स्थित रेणुका कृषि उपज मंडी में संपन्न होगा, जहां परिवार, समाज और शुभचिंतकों की उपस्थिति में संस्कार, स्नेह और आशीर्वाद की सुंदर छवि देखने को मिलेगी। यह आयोजन किसी औपचारिक कार्यक्रम से अधिक एक पारिवारिक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। रिश्तेदारों, मित्रों, समाजजनों और शुभचिंतकों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य अतिथि जय पाटील को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

आशीर्वाद समारोह भारतीय परंपरा में जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इसी भावभूमि पर आयोजित यह कार्यक्रम परिवार के संस्कारों, बड़ों के मार्गदर्शन और समाज के स्नेह का प्रतीक बनेगा। आयोजन स्थल पर सादगी, गरिमा और आत्मीयता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिससे प्रत्येक आगंतुक स्वयं को परिवार का हिस्सा महसूस कर सके।

समाज का स्नेह, परिवार की ताकत - इस अवसर पर केंद्रीय व प्रदेश स्तर के गणमान्यजन, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग पारिवारिक स्नेह के साथ उपस्थित रहेंगे। सभी की मौजूदगी इस बात का प्रमाण होगी कि पारिवारिक रिश्ते और सामाजिक सरोकार ही किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। रेणुका कृषि उपज मंडी में होने वाला यहआयोजन आशीर्वाद, अपनत्व और शुभेच्छाओं का ऐसा संगम बनेगा, जो लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा। 1 मार्च को बुरहानपुर साक्षी बनेगा जहां शब्द कम होंगे, भावनाएं अधिक; जहां मंच से ज्यादा दिलों का जुड़ाव दिखाई देगा।

## खाचरोद नगर पालिका परिषद की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई

**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालावा हेराल्ड।** खाचरोद में बैठक में कुल 21 बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें स्वच्छता समिति के सभापति नारायण मंडावलिया ने जहाँ एक ओर शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण मांगें रखीं, वहीं दूसरी ओर वैचारिक मतभेदों के चलते तीन प्रमुख प्रस्तावों पर अपना कड़ा विरोध भी दर्ज कराया इन 3 बिंदुओं पर जताया विरोध-सभापति मंडावलिया ने एजेंडे में शामिल निम्नलिखित तीन बिंदुओं को जनहित से परे बताते हुए इनका विरोध किया- एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में लाए गए प्रस्ताव पर आपत्ति जताई केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी (त्स्ज्ञ) दरों में कमी हेतु लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव का विरोध किया आत्मनिर्भर भारत संकल्प प्रस्ताव के संबंध में अपना विरोध दर्ज करवाते हुए अपनी असहमति जताई शहर के विकास हेतु उठाई 5 मुख्य मांगें-विरोध के साथ-साथ मंडावलिया ने खाचरोद की जनता की सुविधा के लिए परिषद के सम्मुख 5 सूत्रीय मांगें रखीं रैन बसेरा का निर्माण- गरीबों और बेसहारा लोगों को कड़ाके की ठंड धूप और बरसात से बचाने के लिए शहर में %रैन बसेरा% बनाया जाए गंदगी हटाकर सौंदर्यीकरण- शहर के चिन्हित गंदगी वाले स्थानों को साफ कर उन्हें सुंदर स्थलों में विकसित किया जाए 51 फीट का तिरंगा- राष्ट्रभक्ति के प्रतीक स्वरूप शहर के मुख्य स्थान पर 51 फीट ऊंचा विशाल तिरंगा झंडा लगाया जाए अग्रिम जल प्रबंधन- गर्मी के मौसम में पेयजल संकट न खड़ा हो, इसके लिए अभी से ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए

सफाई मित्रों हेतु संसाधन स्वच्छता कार्य को सुगम बनाने के लिए सफाई कर्मियों को नई कचरा गाड़ियां और आवश्यक उपकरण (पावड़ी आदि) तुरंत उपलब्ध कराए जाएं मंडावलिया ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में वे सदैव साथ हैं, लेकिन नीतिगत विषयों पर जनता के हितों को ध्यान में रखकर ही निर्णय लिया जाना चाहिए।

## 31 मार्च 2026 तक निगम का संपत्ति एवं राजस्व कर जमा कराकर आवासीय संपत्ति पर 50% छुट का लाभ ले –आयुक्त




**बुरहानपुर/ आयूष भावसार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बुरहानपुर नगर निगम ने करदाताओं से अपील की है कि वे चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर 31 मार्च 2026 तक जमा करें, ताकि उन्हें 50 प्रतिशत की रियायत मिल सके। यदि भुगतान नहीं किया गया, तो अगले वित्तीय वर्ष से संपत्तिकर शत प्रतिशत वार्षिक भाड़े के आधार पर निर्धारित होगा और दोगुनी राशि का भुगतान करना पड़ेगा।

निगम द्वारा शिविर तथा डोर टू डोर के माध्यम से वसूली की जा रही है साथ ही करदाताओं को भुगतान करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हैं

नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा संपत्तिकर और जलकर के बकाया पर 31 मार्च तक 50त्न तक की छूट का लाभ दिया जा रहा है। यह रियायत ब्याज और पेनाल्टी पर मिल रही है, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। 31 मार्च के बाद पूर्ण राशि के साथ बढ़ा हुआ टैक्स व पेनल्टी देनी पड़ सकती है।

संपत्ति कर के ब्याज और पेनल्टी में शत-प्रतिशत या 50त्न तक की रियायत मिल रही है।31 मार्च 2026 तक बकाया का एकमुश्त भुगतान करने पर ही इसका लाभ मिलेगा।समय पर टैक्स न जमा करने पर 1 अप्रैल से अतिरिक्त जुर्माना लग सकता है। करदाता अपने नगर निकाय कार्यालय, ऑनलाइन पोर्टल, या शिविरों के माध्यम से बकाया राशि जमा कर सकते हैं।

जागरुकता अभियान- निगम लोगों को जागरुक करने के लिए बना रहा कार्ययोजना - यह नियम वर्ष 2021 से लागू है, लेकिन अब भी कई लोगों को इसकी पूरी जानकारी नहीं है। जिन लोगों का पहले से संपत्तिकर बकाया है, उन पर करीब तीन साल से संपत्तिकर के मद में टैक्स दो गुना लग रहा है। क्योंकि बकायादार 31 मार्च तक संपत्तिकर जमा नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण समय सीमा निकलने के बाद उन्हें ज्यादा राशि जमा करनी पड़ रही है। इसे देखते हुए नगर निगम अब लोगों को समय पर संपत्ति कर जमा करने के लिए व्यवस्थित तरीके से जागरूक करने और समझाइश देने की तैयारी कर रहा है।

सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार ने कहा कि शहर के करदाताओं को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का - संपत्तिकर 31 मार्च 2026 तक जमा करना होगा। जो लोग तय तारीख तक टैक्स जमा नहीं करेंगे। उनकी संपत्ति का टैक्स 1 अप्रैल से दोगुना हो जाएगा। इस स्थिति से बचने के लिए निगमकर्मी अब वसूली के साथ लोगों को समझाइश भी देंगे। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि करदाताओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ से बचाया जा सके। कर्मचारियों द्वारा फोन पर भी अपने-अपने क्षेत्र के करदाताओं को इसकी जानकारी दी जा रही है। अभी तक करदाताओं को स्वयं की आवासीय संपति पर 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिल रहा है, लेकिन नए नियमों के तहत मार्च तक टैक्स जमा नहीं किया गया तो यह छूट समाप्त हो जाएगी और पूरी राशि के साथ बढ़ा हुआ टैक्स देना पड़ेगा। इसलिए निगम ने करदाताओं से समय रहते संपत्ति कर जमा कराने की अपील की है।

## दीदी ऋतुंभरा की सभा को लेकर समाजजनो की बैठक संपन्न



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 16 मार्च को अनाज मंडी बदनावर में आयोजित होने वाले वात्सल्य मूर्ति ऋतुंभरा दीदी के एकदिवसीय दिव्य प्रवचन को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए शुक्रवार देर शाम पेटलावद रोड स्थित वैष्णव पंच परिसर में समाजजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को आयोजन की सफलता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में नगर के प्रमुख समाजजन, कार्यकर्ता एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर आयोजन को भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया। मंच व्यवस्था, स्वागत सत्कार, वाहन पार्किंग, जलपान, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन सहित विभिन्न जिम्मेदारियां अलग-अलग टोली जिम्मेदारी पर भी चर्चा की गई। साथ ही पूरे नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया।

कार्यक्रम में ऋतुंभरा जी के शिष्य ऋषिराज महाराज, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, राष्ट्रीय कवि मुकेश मोलवा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक मुकाती, खंड कार्यवाहक अभिषेक भाटी, मंचासीन रहे। सर्व सहमति से लाखन सिंह जादौन को संयोजक बनाया गया।

पूर्व मंत्री दत्तीगाव ने कहा कि इस वर्ष आयोजन एक दिवसीय है, किंतु भविष्य में दीदी का विस्तृत समय बदनावर को प्राप्त हो तथा अंचल में भी कथा एवं संस्कार जागरण का व्यापक आयोजन हो, यह हमारी अपेक्षा है।

ऋषिराज महाराज ने बताया कि दीदी मां हवाई मार्ग से इंदौर एयरपोर्ट पर उतरेंगे, वहां से सड़क मार्ग से बदनावर पहुंचेंगी। 16 मार्च को अनाज मंडी में दोपहर 2 बजे से धर्म सभा का आयोजन होगा। एक दिन का यह दिव्य आयोजन नगर के आध्यात्मिक इतिहास में नई ऊर्जा और चेतना का संचार करेगा।

नगर में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण है तथा समाजजन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रीतेश सिंह पवार ने किया।

# रंगभरी एकादशी पर श्रद्धा का महासंगम

## एकादशी पर गूंजा ग्राम गढ़ी- भव्य श्याम कीर्तन में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन से खरगोन से अंजू त्रिवेदी मालवा हेराल्डलगभग तीस किलोमीटर दूर ग्राम गढ़ी स्थित श्याम मंदिर में एकादशी की संध्या पर भव्य संगीतमय कीर्तन का आयोजन किया गया। श्याम भक्तों की सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से बाबा श्याम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की और आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्रामवासियों ने बताया कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उनके गांव में श्याम बाबा का भव्य मंदिर बनेगा और श्याम दरबार सजेगा। मंदिर निर्माण के बाद गांव में धार्मिक गतिविधियों का नया दौर शुरू हुआ है। गौरतलब है कि मंदिर निर्माण के बाद 3 अक्टूबर 2025 को पहला संगीतमय कीर्तन आयोजित किया गया था। उस दिन पूरा गांव श्याम भजनों पर झूम उठा था। भक्तों का कहना है कि उसी दिन से गांव का वातावरण पूरी तरह श्याममय हो गया।

पांच माह में दूसरी बार भक्ति का संगम - बाबा की कृपा से मात्र पांच माह के भीतर दोबारा संगीतमय कीर्तन का आयोजन हुआ। श्याम नाम की गूंज से पूरा ग्राम गढ़ी पुनः भक्तिमय हो उठा। आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु श्याम दरबार में पधारे और आशीर्वाद प्राप्त किया।

रंगभरी एकादशी पर खेली फूलों की होली- फाल्गुन माह की रंगभरी एकादशी के अवसर पर मंदिर परिसर में फूलों की होली खेली गई। भक्ति और उत्साह के बीच श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर आनंद व्यक्त किया।

रात 8 बजे से प्रभु इच्छा तक चला कीर्तन - भव्य संगीतमय कीर्तन रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलता रहा। भजन गायक मंडली ने श्याम भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु पूरी रात भक्ति में लीन रहे।

जोत दर्शन और श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की पावन ज्योत के दर्शन किए। तत्पश्चात सामूहिक महाआरती संपन्न हुई, जिसमें पूरा गांव शामिल हुआ।

56 भोग की महाप्रसादी से धन्य हुए श्रद्धालु - क्रार्यक्रम के अंत में बाबा को 56 भोग अर्पित कर महाप्रसादी वितरित की गई। प्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति का आभार व्यक्त किया।

गांव में बढ़ी धार्मिक आस्था - इस आयोजन के बाद ग्राम गढ़ी में धार्मिक आस्था और अधिक प्रगाढ़ हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि बाबा श्याम की कृपा से गांव में सुख-शांति और समृद्धि बनी हुई है।

# दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान, जनपद शिक्षा केंद्र सुसनेर में हुआ सहायक उपकरणों का वितरण



**सुसनेर/ गिरिराज बंजारिया/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा केंद्र आगर मालवा के मार्गदर्शन में गुरुवार को जनपद शिक्षा केंद्र सुसनेर में दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क उपकरण वितरण शिविर का गरिमामय आयोजन किया गया।

इस शिविर में उन दिव्यांग बच्चों को उपकरणों का लाभ दिया गया, जिनका पूर्व में चिकित्सकीय मूल्यांकन पूर्ण किया जा चुका था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की जरूरत के अनुसार उन्हें आवश्यक सहायक सामग्री वितरित की गई, जिससे उनके दैनिक जीवन और शिक्षा में सुगमता आ सके।

इनकी रही मौजूदगी- इस अवसर पर मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक राधेश्याम पाटीदार एवं समावेशी शिक्षा प्रभारी ओमप्रकाश पाटीदार उपस्थित रहे। साथ ही बीएसी संतोष भेनिया, विजय जैन, साक्षरता समन्वयक ईश्वर ओसारा, लेखापाल टेकचंद गहलोत, सचिन जैन सहित बीआरसी कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

विशेषज्ञों का रहा तकनीकी सहयोग- उपकरणों के सही चयन और वितरण में एलिमको उज्जैन से आए ऑडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार और टेक्नीशियन गौरव कुमार का विशेष तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर के सफल आयोजन से दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों में हर्ष का माहौल देखा गया।

# मई के पहले सप्ताह में आएगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट, सीसीटीवी निगरानी में शुरू हुआ मूल्यांकन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम इस बार तय समय से पहले घोषित करने की तैयारी है। मंडल ने लक्ष्य रखा है कि मई के पहले सप्ताह में ही परीक्षा परिणाम जारी कर दिए जाएं। इसी उद्देश्य से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेज गति से शुरू कर दिया गया है।

मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए जिले में बनाए गए समन्वय केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कॉपियां जांची जा रही हैं। हर गतिविधि पर कैमरे की नजर रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। मंडल ने शिक्षकों की उपस्थिति भी अब डिजिटल कर दी है। मूल्यांकन केंद्रों पर तैनात शिक्षकों की हाजिरी मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज की जा रही है। स्पष्ट निर्देश हैं कि एप में उपस्थिति दर्ज किए बिना किसी भी शिक्षक को उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए नहीं दी जाएंगी। साथ ही निरीक्षण दल भी एप आधारित डाटा के जरिए केंद्रों की निगरानी करेगा।

रोज 45 से 60 कॉपियां जांचने के निर्देश- इस वर्ष शिक्षकों को प्रतिदिन 45 से 60 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडल का लक्ष्य है कि मार्च के अंतिम सप्ताह तक अधिकतम कॉपियों की जांच पूरी कर ली जाए, ताकि परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया समय पर शुरू हो सके।

स्टेप मार्किंग से मिलेगा लाभ- मूल्यांकन प्रणाली में इस बार स्टेप मार्किंग पर विशेष जोर दिया गया है। विद्यार्थियों को प्रश्न के प्रत्येक सही चरण के लिए अंक दिए जा रहे हैं। यदि अंतिम उत्तर गलत भी हो, लेकिन प्रक्रिया सही हो तो निर्धारित अंकों के अनुसार लाभ मिलेगा। इससे मेहनती छात्रों को राहत मिलेगी।

उत्तर पुस्तिकाओं की सैंपलिंग भी कराई जा रही है, ताकि मूल्यांकन की गुणवत्ता बनी रहे और किसी प्रकार की त्रुटि तुरंत सुधारी जा सके। पहले चरण में अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, इतिहास, कृषि और विज्ञान विषयों की कॉपियां जांची जा रही हैं। तीन मार्च से दूसरे चरण का मूल्यांकन शुरू होगा।

बोर्ड अधिकारियों का कहना है कि परिणाम जल्दी घोषित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को समय पर अगली कक्षाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर देना है। जुलाई में संभावित दूसरी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए भी परिणाम समय से पहले जारी करना आवश्यक माना जा रहा है।

# महिला सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल, दोनों थानों में रिक्त पड़े पद

## सुसनेर- सोयतकलां थानों में महिला अधिकारी का अभाव, गंभीर मामलों में बढ़ सकती है देरी

**सुसनेर/गिरिराज बंजारिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस थाने में महिला पुलिस अधिकारी के अभाव को लेकर क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है। वर्तमान स्थिति यह है कि सुसनेर थाने में मात्र एक महिला आरक्षक पदस्थ है, जबकि सोयतकलां थाने में भी महिला अधिकारी का पद रिक्त बताया जा रहा है। ऐसे में यदि किसी भी समय महिला उत्पीड़न, दुष्कर्म, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा या अन्य संवेदनशील मामला सामने आता है तो संबंधित कार्रवाई के लिए जिला मुख्यालय या अन्य थाना क्षेत्र से महिला अधिकारी के पहुंचने तक इंतजार करना पड़ सकता है।

जानकारों का कहना है कि महिला संबंधी मामलों में पीड़िता का बयान महिला पुलिस अधिकारी द्वारा लिया जाना अधिक उपयुक्त और संवेदनशील माना जाता है। कई मामलों में कानूनन भी महिला अधिकारी की उपस्थिति आवश्यक होती है। लेकिन जब स्थानीय स्तर पर महिला उपनिरीक्षक या पर्याप्त महिला स्टाफ उपलब्ध नहीं होता, तो तत्काल कार्रवाई में विलंब की स्थिति बन सकती है। विशेषकर रात्रि के समय या आकस्मिक परिस्थितियों में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए पहले ही थाने तक पहुंचना आसान नहीं होता। सामाजिक संकोच, पारिवारिक दबाव और बदनामी के डर के बीच जब वे साहस जुटाकर शिकायत दर्ज कराने पहुंचती हैं, तब यदि उन्हें महिला अधिकारी के आने तक प्रतीक्षा करने को कहा जाए तो यह स्थिति उनके लिए मानसिक रूप से और अधिक पीड़ादायक हो सकती है। कई बार लंबा इंतजार न्याय प्रक्रिया की शुरुआत को ही प्रभावित कर सकता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि महिला सुरक्षा को लेकर सरकार लगातार गंभीरता दिखा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर पर्याप्त महिला पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। सुसनेर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र और सोयतकलां जैसे बड़े थाना क्षेत्र में कम से कम एक महिला उपनिरीक्षक तथा दो से तीन महिला आरक्षकों की स्थायी पदस्थापना की जानी चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई संभव हो सके।

क्षेत्रवासियों ने जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरकर महिला डेस्क को सक्रिय और प्रभावी बनाया जाए। उनका कहना है कि महिला अधिकारी की नियमित उपलब्धता से न केवल शिकायतों के त्वरित निराकरण में मदद मिलेगी, बल्कि पुलिस और आमजन के बीच विश्वास भी मजबूत होगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

इनका कहना- वर्तमान में पुलिस भर्ती प्रक्रिया जारी है। और जल्द ही नए बल की पदस्थापना की जाएगी। कहा कि विधानसभा सत्र के चलते जिले से पुलिस बल ड्यूटी पर गया हुआ है।

**-विनोद कुमार सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक आगर मालवा**

### देवास-बड़नगर बायपास पर पलटी बारातियों की बस

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रात में देवास-बड़नगर बायपास मार्ग पर बस अनियंत्रित होने के बाद सड़क मार्ग किनारे खेत में पलटी खा गई। हादसे में 12 लोग को चोट लगी है जिसमें कुछ का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि देवास-बड़नगर मार्ग पर रात में बस क्रमांक एमपी 20 आर 1000 अनियंत्रित होने के बाद सड़क किनारे खेत में पलटी खा गई थी। बस में 50 से 60 लोग सवार थे। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बस में सवार लोगों को बाहर निकाल लिया गया था 12 लोग घायल थे जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया कुछ को फैक्चर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया।

# महाविद्यालय में आयोजित हुई रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता




**सुसनेर/ गिरिराज बंजारिया/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ जी सी गुप्ता के निर्देशन में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित एवं महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। महाविद्यालय में 27 फरवरी से 5 मार्च तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सप्ताह के रूप में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिल रही है।

कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम समन्वयक डॉ आदिश कुमार जैन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान, नवाचार, प्रकृति संरक्षण तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सृजनात्मक एवं प्रेरणादायक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# खरगोन पुलिस ने अवैध गौवंश तस्करी के विरुद्ध की कार्यवाही




**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग तथा उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के आदेशानुसार अवैध गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशो के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्री शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है । इसी तारतम्य में थाना सनावद पर अवैध गौवंश तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 27.02.26 को थाना सनावद पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, 01 पिकअप वाहन MP04ZY0591 से क्रूरतापूर्वक अवैध गौवंश का परिवहन किया जा रहा है और थोड़ी देर के बाद उक्त पिकअप वाहन रेवा गुर्जर कालेज पास से नहर के रास्ते से होकर गुजरने वाली है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी सनावद उनि श्री धर्मेन्द्र यादव नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया एवं प्राप्त सूचना से टीम को अवगत करवा कर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा रेवा गुर्जर कालेज पास से नहर के रास्ते से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखी गई, थोड़ी देर बाद टीम को मुखबिर के बताए अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक MP04ZY0591 आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर रोका। रोके गए पिकअप वाहन में बैठे चालक से उसका नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम अरुण निवासी पीपरपानी थाना साईखेडा जिला नरसिंहपुर का होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा रोके गए पिकअप वाहन क्रमांक MP04ZY0591 को चेक करने पर उसमे क्रूरतापूर्वक 04 गौवंश भरे होना पाए गए । जिनके परिवहन के संबंध में दस्तावेज या लाइसेंस का पूछने पर दोनों ने कोई दस्तावेज या लाइसेंस नहीं होना बताया ।

पुलिस टीम के द्वारा पिकअप वाहन MP04ZY0591 को जप्त कर आरोपी अरुण पिता माखन राजपूत उम्र 40 साल निवासी पीपरपानी थाना साईखेडा जिला नरसिंहपुर बडवानी के विरुद्ध थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 92/26 धारा 4, 6, 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 11 (घ) (1) पशुओ के प्रति क्रुरता निवारण अधीनीयम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं 04 गौवंशो को मुक्त कराया गया है ।

जप्तशुदा मशरुका- 1.04 गौवंश कीमती लगभग 70,000/- रुपये, 2.क्रूरतापूर्वक गौवंश के परिवहन में प्रयुक्त पिकअप MP04ZY0591 कीमती लगभग 4,00,000/- रुपये उक्त की गई कार्यवाही एसडीओपी बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी सनावद उनि श्री धर्मेन्द्र यादव नेतृत्व में सउनि अशोक दगोडे, प्र.आर 326 गम्भीर मीणा, आर 103 श्रीकृष्ण, 87 योगेश शर्मा व थाना सनावद के अन्य पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# भगवान की लीलाओं के दर्शन एवं श्रवण से दूर होते हैं मन के विकार - पं. नागर



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हमारे धर्मग्रंथ सुषुप्त समाज को जागृत एवं चैतन्य बनाते हैं। मनुष्य का जीवन हमें केवल पशुओं की तरह व्यवहार करने के लिए नहीं, बल्कि सदभाव, परमार्थ और सेवा करूणा जैसे प्रकल्पों के लिए भी मिला है। भगवान अनुभूति का विषय है। हृदय में पवित्र संकल्प आयेंगें तो विचारों का प्रवाह भी निर्मल हो जाएगा। भगवान की लीलाओं के दर्शन एवं श्रवण से मन के विकार दूर होते हैं और शरीर की इंन्द्रियों पर सात्विक प्रभाव होता है। आत्मा और परमात्मा का मिलन है कृष्ण-रूक्मणी विवाह।

ये दिव्य विचार हैं मालवा के प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ आचार्य पं. ब्रजकिशोर नागर के, जो उन्होंने शुक्रवार को धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में चल रहे मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मनोहारी भजनों पर समूचा पंडाल थिरक उठा। व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान नानूराम चौधरी, अध्यक्ष दिनेश गर्ग, कल्याण भांगडिया, प्रकाश पटेल, ताराचंद खण्डेलवाल, मनोहर चौधरी, निलेश उपाध्याय, प्रवीण मोहन चौधरी, अम्बाराम कोतवाल, विष्णु सोनी, उमेश हनुमान आदि मुख्यरुप से उपस्थित रहे। कथा में शनिवार को दोपहर 1 से 5 बजे के बीच कृष्ण-सुदामा मैत्री प्रसंग के पश्चात समापन समारोह होगा। इस अवसर पर कथा व्यास पं. नागर का सम्मान किया जाएगा।

पं. नागर ने कहा कि भगवान को धन सम्पत्ति नहीं, मन के श्रेष्ठ भाव चाहिए। वे छप्पन भोग के नहीं, हमारे प्रेम की भावना के भूखे हैं। रूक्मणी मगंल प्रसंग हमारी भारतीय संस्कृति और मर्यादा का गौरवशाली उजला पक्ष है। रूक्मणी विवाह आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। कृष्ण योगेश्वर, लीलाधर और नटवर की यही विशेषता है कि वे कृपा वर्षा करते भी हैं तो पता ही नहीं चलते देते। हमारी सभी देवी-देवता प्राणियों के उद्धार के लिए ही अवतरित होते हैं।

# बच्चों को बताया रंगों का महत्व, कौटिल्य में धूमधाम से मनाया होली का पर्व

## परिसर में बनाई होलिका, खूब उड़ाया रंग गुलाल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रंगों का महत्व क्या होता है, होली पर्व क्यों मनाया जाता है। एक-दूसरे को होली पर रंग क्यों लगाते है। इन सब बातों का मतलब शुक्रवार को कौटिल्य के बच्चों ने जाना। केवल होली पर्व के बारे में बच्चों ने जाना ही नहीं बल्कि एक-दूसरे के साथ जमकर होली भी खेली और बच्चों के चेहरों पर दिनभर गुलाल का रंग और खुशियों की चमक रही।

एबी रोड स्थित कौटिल्य एज्यूकेशन एकेडमी में होली पर्व मनाया गया। सबसे पहले परिसर में होलिका सजाई गई। विद्यालय संचालिका शशि यादव ने बच्चों को बताया कि होलिका को वरदान था कि वह अग्नि से नहीं जल सकती। लेकिन जब भगवान के परम भक्त प्रहलाद को होलिका ने अपनी गोद में बैठाकर जलाने का प्रयास किया तो वह खुद जल गई। तब भगवान ने उससे कहा कि तुमने अपने वरदान का गलत प्रयोग किया इसलिए वह विफल रहा। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि हमेशा दूसरों की मदद करो, किसी का कभी बुरा मत सोचो और न ही किसी का कभी मजाक उड़ाओ। क्योंकि भगवान हमें इसके लिए सजा देते हैं और अच्छे काम करोगे तो आप लोगों पर ईश्वर का आशीर्वाद बना रहेगा। जो हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। बिना ईश्वर की कृपा से हम कुछ नहीं कर सकते। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय संचालक ब्रजेश यादव ने भी पर्व के बारे में बच्चों को बताते हुए सभी के साथ मिल-जुलकर रहने और सहयोग करने की अपील की। इस पर बच्चों ने भी संकल्प लिया कि वे हमेशा अपने साथियों की और जरूरतमंदों की मदद करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य नरेंद्रसिंह डोडिया, उप प्राचार्य रामकृष्ण पाटीदार, प्रशासनिक समिति अधिकारी पंकज यादव, आर्यन यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

खूब उड़ा रंग गुलाल, पिचकारी से खेली होली- परिसर में सांकेतिक होलिका दहन किया गया। इसके बाद शिक्षिकाओं ने नन्हे बच्चों के साथ पर्व मनाते हुए उन्हें रंग और गुलाल लगाया। वहीं पिचकारी से भी सभी ने एक-दूसरे के साथ होली खेली। जिससे पूरा परिसर होली के रंगों से रंग गया।

# फर्जी मरीजों व फर्जी काल का भुगतान ले रही कंपनी, कई सालों से चल रहा खेल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 108 एम्बुलेंस के लोको पायलेट ने एम्बुलेंस का संचालन कर रही कंपनी पर फर्जी काल व फर्जी मरीजों के नाम पर कंपनी द्वारा भुगतान लेने का आरोप लगाया है। लोको पायलेट के अनुसार कई दिनों से यह खेल चल रहा है। जिसकी शिकायत वह कई बार कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि इसे लेकर कंपनी ने उसका वेतन रोक दिया और भोपाल बुलाकर उसे धमकाया भी जा चुका है।

शाजापुर में 108 एम्बुलेंस में कार्यरत लोको पायलट फूलसिंह गुर्जर ने बताया कि वे पिछले एक साल से मध्य प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, कलेक्टर शाजापुर समेत स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को प्रमाण सहित लिखित शिकायत दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। फूलसिंह गुर्जर का आरोप है कि शिकायत करने के बाद कंपनी ने उनकी तनख्वाह रोक दी। उन्हें भोपाल बुलाकर अधिकारियों द्वारा धमकाया भी गया। उन्होंने बताया कि वे पिछले 10 सालों से मध्य प्रदेश के कई जिलों में 108 एम्बुलेंस चला रहे हैं और इस दौरान उन्हें कभी कोई नोटिस नहीं मिला।

लंबे समय से चल रहा खेल- फूलसिंह ने आरोप लगाया कि कंपनी मरीजों के नाम पर फर्जी काल दर्ज कर स्वास्थ्य विभाग से लाखों रुपए का भुगतान ले रही है। उनके अनुसार बिना एम्बुलेंस चलाए ही फर्जी मरीजों के नाम दर्ज कर भुगतान लेने का खेल लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई एम्बुलेंस में जरूरी दवाइयां उपलब्ध नहीं रहतीं, जिससे मरीजों को इलाज में परेशानी होती है। कंपनी पर दवाइयों के फर्जी बिल लगाने और अधिकारियों से मिलीभगत के आरोप भी लगाए गए हैं। इसके अलावा एम्बुलेंस वाहनों का समय पर मेंटेनेंस नहीं कराया जाता और काल आने पर कई बार गाड़ी खराब होने का बहाना बना दिया जाता है। टायर भी समय पर नहीं बदले जाते और खराब टायरों से ही वाहन चलवाए जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

# दसनवाल स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएम श्री हाईस्कूल दसनवाल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समारोह पूर्ण समापन।मुख्य प्रशिक्षक सावन प्रजापत के नेतृत्व में कृतिका यादव ब्लैक बेल्ट 1 डान द्वारा आत्मक्षा का 30 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बेसिक सेल्फ डिफेंस,किक पंच अकेलेपन में अपने आपको कैसे बचाए सभी बारीकियां सिखाई गई। प्रशिक्षण में विद्यालय की 200 बालिकाओं ने भाग लिया।आत्मरक्षा प्रभारी सुरेखा। पाटील मैडम द्वारा बताया गया कि आत्मरक्षा प्रत्येक बालिका को सीखना चाहिए आज के समय की यह पहली मांग है पढ़ाई के साथ आत्मरक्षा भी बहुत जरूरी है।समापन समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री कृष्णलाल चौधरी,श्री दिनेश वर्मा,श्री दीपक प्रजापत ,श्री विवेक यादव ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# महाकालेश्वर मंदिर में 2 मार्च को संध्या आरती के बाद होगा होलिका दहन

**इसके बाद शहर में जगह जगह होगा रात में होलिका दहन - 4 मार्च से बदलेगा आरतियों का समय**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकालेश्वर मंदिर में 2 मार्च को प्राचीन परंपरा अनुसार संध्या आरती के बाद होलिका दहन किया जाएगा तथा 3 मार्च को मंदिर में धुलंडी पर्व मनाया जाएगा। सांध्य आरती में सबसे पहले भगवान महाकाल को हर्बल गुलाल व परंपरानुसार शक्कर की माला अर्पित की जावेगी। इसके उपरांत शहर में भी होलिका उत्सव शुरु हो जाएगा।

महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि 2 मार्च की शाम होने वाली आरती के बाद महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में ओंकारेश्वर मंदिर के सामने होलिका के विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात होलिका दहन किया जाएगा। वहीं 3 मार्च को धुलेंडी के दिन तड़के 4 बजे भस्म आरती में सर्वप्रथम भगवान महाकालेश्वर को मंदिर के पुजारी एवं पुरोहितों द्वारा हर्बल गुलाल अर्पित किया जाएगा। इसी के साथ अगले दिन 4 मार्च से आरतियों का समय बदल जाएगा। इस दिन परंपरानुसार भगवान की आरतियों के समय में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से अश्विन पूर्णिमा तक परिवर्तन रहेगा। जिसमें प्रथम भस्मार्ती सुबह 4 से 6 बजे तक, द्वितीय दद्योदक आरती सुबह 7 से 7:45 बजे तक, तृतीय भोग आरती सुबह 10 से 10:45 बजे तक, चतुर्थ संध्या पूजन सायं 5 से 5:45 बजे तक, पंचम संध्या आरती सायं 7 से 7:45 बजे व शयन आरती रात्रि 10:30 से 11 बजे तक होगी। वहीं 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर परंपरानुसार भगवान महाकाल का ध्वज चल समारोह निकाला जावेगा।

## जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की मौत



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** साले के यहां शादी में आया युवक वापस लौटने के लिए निकला और रास्ते में जहर खा लिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया है। इंगोरिया के रहने वाले सुनील पिता गब्बूलाल 40 साल का आज सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि सुनील ग्राम नलवा फालपुरा के पास अपने साले के यहां शादी में शामिल होने के लिए आया था। देर रात वापस इंगोरिया लौटते समय उसने चिकली के समीप जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे बेसुध हालत में कुछ लोगों ने देखा तो पहचान लिया और परिजनों को सूचना दी। परिजन सुनील को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ देर चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। परिवार सुनील द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम से अनभिज्ञ है। पुलिस द्वारा मामले की जांच और परिजनों के बयान दर्ज करने की बात कही गई है।

## पीपलीनाका के तीन मार्गों की चौड़ाई पर बवाल, रहवासियों के विरोध से कार्रवाई दो दिन टली

**निशान लगाने पहुंची यूडीए टीम को लौटना पड़ा, 30 मीटर चौड़ीकरण पर भी सहमति नहीं**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के पीपलीनाका क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। गुरुवार को जब उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) की टीम पीपलीनाका-भैरवगढ़, पीपलीनाका-तिलकेश्वर और पीपलीनाका-ओखलेश्वर मार्ग पर मकानों और दुकानों पर निशान लगाने पहुंची, तो रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते लोग पीपलीनाका चौराहे पर धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अमला बिना कार्रवाई किए लौट गया। फिलहाल पूरी प्रक्रिया दो दिन के लिए टाल दी गई है।

प्रशासन की योजना के अनुसार इन तीनों प्रमुख मार्गों को 30 मीटर चौड़ा किया जाना है। प्रारंभिक प्रस्ताव में सड़क की चौड़ाई 45 मीटर निर्धारित की गई थी, लेकिन स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद इसे घटाकर 30 मीटर कर दिया गया। इसके बावजूद रहवासी अब इस प्रस्ताव पर भी तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि चौड़ीकरण से बड़ी संख्या में मकान और दुकानें पूरी तरह प्रभावित होंगी, जिससे परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा।

निशान लगते ही बढ़ा आक्रोश- गुरुवार सुबह जैसे ही यूडीए की टीम मौके पर पहुंची और चिन्हांकन की प्रक्रिया शुरू की, स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में रहवासियों ने विरोध जताया। लोगों का कहना था कि पहले वैकल्पिक व्यवस्था और उचित मुआवजे की स्पष्ट नीति सामने लाई जाए, उसके बाद ही कोई कार्रवाई की जाए।

100 फीसदी प्रभावितों को राहत पर विचार - आखिरकार कलेक्टर रौशनकुमार सिंह से चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि यूडीए एक बार फिर से मार्ग का सर्वे करेगा। जिन मकानों या दुकानों पर 100 प्रतिशत प्रभाव पड़ रहा है, उन्हें क्या राहत या पुनर्वास दिया जा सकता है, इस पर अलग से विचार किया जाएगा। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

ट्रैफिक सुधार बनाम आजीविका की चिंता - इन मार्गों को चौड़ा करने का उद्देश्य शहर के उत्तरी और पूर्वी हिस्से की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाना है। पीपलीनाका चौराहा लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहा है। प्रशासन का मानना है कि सड़क चौड़ी होने से आवागमन सुगम होगा, लेकिन स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि विकास की कीमत पर उनका घर-बार नहीं उजड़ना चाहिए।

फिलहाल प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है और दो दिन बाद दोबारा सर्वे की संभावना जताई जा रही है। अब निगाहें प्रशासन के अगले कदम और प्रभावितों को मिलने वाली संभावित राहत पर टिकी हैं।

## होली-रमजान से पहले उज्जैन में पुलिस का शक्ति प्रदर्शन

**250 जवानों ने संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रंगों के पर्व होली और पाक महीने रमजान से पहले शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए शुक्रवार सुबह पुलिस ने सड़कों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। करीब 250 पुलिसकर्मियों का दस्ता एक साथ प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरा तो राहगीरों ने भी राहत की सांस ली। पुलिस अधिकारियों ने साफ संदेश दिया कि

त्योहारों में खलल डालने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

दो मोर्चों से निकला मार्च, बाजारों में दिखी सख्ती - फ्लैग मार्च नागझिरी और फव्वारा चौक क्षेत्र में निकाला गया। फव्वारा चौक पर एएसपी आलोक शर्मा, डीएसपी क्राइम योगेश तोमर और डीएसपी भारत सिंह यादव ने मोर्चा संभाला। वहीं नागझिरी क्षेत्र में सीएसपी श्वेता गुप्ता और सीएसपी दीपिका शिंदे के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

मार्च के दौरान पुलिसकर्मी प्रमुख मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरे। कई स्थानों पर रुककर अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों से संवाद भी किया। सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया।

अफवाहों से सावधान रहने की अपील- अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और आवश्यक होने पर अतिरिक्त बल भी तैनात किया जाएगा।

शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई- पुलिस प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य सिर्फ शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। त्योहारों से पहले पुलिस की यह सक्रियता साफ संकेत दे रही है कि इस बार किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गरोठ हाइवे पर हादसे में पूर्व सरपंच की मौत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रात में गरोठ हाईवे पर सड़क हादसे में पूर्व सरपंच की मौत हो गई। कार खड़ी आयशर से टकराई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शुक्रवार सुबह मृतक पूर्व सरपंच का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि पानबिहार के जयरामपुरा में रहने वाला राकेश पिता जयराम परमार 45 साल गांव का पूर्व सरपंच था। इसका एक मकान आगर रोड खंडेलवाल नगर में है जहां बच्चे निवासरत होकर उज्जैन में पढ़ाई कर रहे हैं। राकेश परमार गुरुवार को बच्चों से मिलने उज्जैन आया था। जहां से रात में वापस अपने गांव जयरामपुरा कार से लौट रहा था। गरोठ हाईवे पर रास्ते में खड़ी आयशर से टकरा गया। आयशर पंचर हालत में खड़ी थी और मार्ग पर अंधेरा होने से हादसा हुआ। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची राकेश को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राकेश के परिजनों को सूचना दी रात में ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। सुबह राकेश परमार का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि पंचर आयशर चालक ने बिना संकेतक और पीछे की लाइट जलाई बिना लापरवाही पूर्वक खड़ी की थी।

## 20 मीटर चौड़ा होगा महाकाल चौराहा- गोपाल मंदिर मार्ग

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ और शहर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए महाकाल चौराहा से गोपाल मंदिर तक जाने वाले संकरे मार्ग को अब नई चौड़ाई मिलने जा रही है। अभी 8 से 12 मीटर तक सीमित यह मार्ग मास्टर प्लान के अनुरूप 20 मीटर चौड़ा किया जाएगा। गुरुवार को हुई एमआईसी (मेयर इन काउंसिल) की बैठक में 24.09 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

करीब 600 मीटर लंबे इस मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव पहले सीएस की अध्यक्षता वाली समिति से पारित हुआ था, जिसे अंतिम स्वीकृति के लिए एमआईसी में रखा गया। मंजूरी मिलते ही अब प्रशासनिक प्रक्रिया तेज होने की संभावना है।

206 संपत्तियां होंगी प्रभावित, तीन छोटे धर्मस्थल भी दायरे में- मार्ग चौड़ीकरण की जद में कुल 206 संपत्तियां आएंगी, जिनमें 100 प्लॉट पर बने मकान और दुकानें शामिल हैं। इसके अलावा तीन छोटे धर्मस्थल भी प्रभावित होंगे। प्रशासन का कहना है कि प्रभावितों को नियमानुसार राहत दी जाएगी।

75 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा गया तो मुआवजा.- नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि जिन संपत्तियों का 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अधिग्रहित होगा, उन्हें ही सीधा मुआवजा दिया जाएगा। बाकी प्रभावितों को एफएआर और टीडीआर का लाभ दिया जाएगा।

यह बोल अधिकारी - नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के अनुसार, महाकाल चौराहा-गोपाल मंदिर मार्ग को मास्टर प्लान के अनुसार 20 मीटर चौड़ा किया जाएगा। एमआईसी ने चौड़ीकरण को स्वीकृति दे दी है।

अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता ने बताया कि 600 मीटर लंबे मार्ग के प्रभावितों को एफएआर और टीडीआर दिया जाएगा, जबकि 75 फीसदी से अधिक प्रभावित संपत्तियों को मुआवजा मिलेगा।

**क्या है एफएआर और टीडीआर-** फ्लोर एरिया रेशो (एफएआर)- यह किसी भूखंड पर अनुमत निर्माण का अनुपात होता है। प्रभावित व्यक्ति अपने शेष भूखंड पर तय एफएआर के अनुसार अतिरिक्त निर्माण कर सकेगा।

ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) - यह एफएआर का ही विस्तारित रूप है। प्रभावित व्यक्ति अपने हिस्से का एफएआर शहर में कहीं भी स्थानांतरित या बेच सकता है। यानी स्वयं निर्माण करने के बजाय वह इसे किसी अन्य को हस्तांतरित कर सकता है।

चौड़ीकरण से इन इलाकों पर पड़ेगा असर...- महाकाल चौराहा से गोपाल मंदिर तक के मार्ग में चौबीस खंभा माता, गुदरी बाजार, पटनी बाजार, मगरमुहा, लखेरवाड़ी और गोपाल मंदिर क्षेत्र की दुकानों वाला इलाका शामिल है। यह शहर का प्रमुख व्यापारिक और रिहायशी क्षेत्र है।


